पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 266 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 22 जनवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अमर ही रहेगी 'ज्योति'

## 'शाश्वत लौ' के साथ विलीन हुई 'अमर जवान ज्योति' : 50 साल से जल रही ज्योति की जगह बदली, मशाल से वॉर मेमोरियल की ज्योति में मिलाया गया, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में दर्ज हैं आजादी के बाद शहीद हुए जांबाजों के नाम

**नई दिल्ली**

इंडिया गेट पर बने अमर जवान ज्योति की मशाल की लौ 21 जनवरी से बंद हो गई। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में इस मशाल को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की लौ में मिला दिया गया। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता एयर मार्शल बलभद्र राधा कृष्ण ने की। उनके द्वारा ही लौ को मिलाया गया। बता दें कि इंडिया गेट स्मारक ब्रिटिश सरकार ने 1914-21 के बीच जान गंवाने वाले ब्रिटिश भारतीय सैनिकों की याद में बनाया था। बाद में अमर जवान ज्योति को 1970 में पाकिस्तान पर भारत की बड़ी जीत के बाद युद्ध स्मारक में शामिल किया गया था। वहीं इंडिया गेट परिसर में बने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का 2019 में उद्घाटन किया गया था। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में उन सभी भारतीय रक्षा कर्मियों के नाम हैं, जिन्होंने 1947-48 से विभिन्न अभियानों में अपनी जान गंवाई है। पाकिस्तान के साथ गलवान घाटी में युद्ध चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष। आतंकवाद विरोधी अभियानों में जान गंवाने वाले सैनिकों के नाम भी स्मारक की दीवारों पर शामिल हैं।

**वेटरन सैन्यकर्मियों ने किया फैसले का स्वागतः** भारतीय सेना के पूर्व डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) विनोद भाटिया ने कहा कि आज महान मौका है जब इंडिया गेट स्थित अमर जवान ज्योति का नेशनल वार मेमोरियल में विलय किया जा रहा है। यह अच्छा निर्णय है। अमर जवान ज्योति का नेशनल वार मेमोरियल में विलय करने का समय आ गया है। 49 साल से स्वतंत्रता दिवस के उद्घोषक रिटायर्ड ब्रिगेडियर चितरंजन सावंत ने बताया कि इंडिया गेट, वार मेमोरियल का निर्माण अंग्रेजों ने किया था। नेशनल वार मेमोरियल का निर्माण उन सैनिकों की याद में किया गया, जिन्होंने 1947 के बाद देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। अमर जवान ज्योति नेशनल वार मेमोरियल में विलय कर जाएगी।



### कुछ लोग देशप्रेम व बलिदान नहीं समझ सकतेः राहुल गांधी



**राहुल** गांधी ने इस फैसले का विरोध जताते हुए एक ट्वीट किया है और उसमें बिना किसी का नाम लिए लिखा है कि कुछ लोग देशप्रेम व बलिदान नहीं समझ सकते। राहुल ने ट्वीट किया, 'बहुत दुख की बात है कि हमारे वीर जवानों के लिए जो अमर ज्योति जलती थी, उसे आज बुझा दिया जाएगा। कुछ लोग देशप्रेम व बलिदान नहीं समझ सकते- कोई बात नहीं' हम अपने सैनिकों के लिए अमर जवान ज्योति एक बार फिर जलाएंगे!'

**अमर जवान ज्योति का वार मेमोरियल में विलय करना दुखद- मनीष तिवारीः** अमर जवान ज्योति को नेशनल वार मेमोरियल (राष्ट्रीय युद्ध स्मारक) में विलय करने पर कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो भी हो रहा है, वह राष्ट्रीय शोक का विषय है और यह इतिहास को दोबारा लिखने का प्रयास है। अमर जवान ज्योति का वार मेमोरियल में विलय करना की ज्योति में विलय करने का मतलब इतिहास को मिटाना है। भाजपा ने नेशनल वार मेमोरियल का निर्माण कराया है, जिसका यह मतलब नहीं कि वे अमर जवान ज्योति को बुझा सकते हैं।

### साल 2019 में बना था राष्ट्रीय युद्ध स्मारक



**साल** 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया था, तब ही यह फैसला किया गया था कि अमर जवान ज्योति की मूल लौ यहीं जलाई जाएगी। जब तक राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का निर्माण नहीं हुआ था तब तक गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति, सेना प्रमुख और अन्य लोग अमर जवान ज्योति पर ही शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनका सम्मान करते थे लेकिन युद्ध स्मारक के निर्माण के बाद यह पूरी प्रक्रिया यहां स्थानांतरित हो गई। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर एक नई अमर जवान ज्योति की लौ जलाई गई है और अब यहीं शहीदों को श्रद्धांजलि आदि के सभी कार्यक्रम होते हैं। यह स्मारक उन सैनिकों और गुमनाम नायकों की याद में निर्मित किया गया है जिन्होंने आजादी के बाद से अपने प्राणों की आहूति देकर देश को सुरक्षित रखा है।

# इंडिया गेट पर लगेगी नेताजी की प्रतिमा

**नई दिल्ली**

अमर जवान ज्योति विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य मूर्ति लगाई जाएगी। पीएम मोदी ने यह जानकारी ट्वीट कर दी। पीएम ने ट्वीट किया, 'ऐसे समय में जब पूरा देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मना रहा है, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ग्रेनाइट से बनी उनकी भव्य प्रतिमा इंडिया गेट पर स्थापित की जाएगी। यह उनके प्रति भारत के ऋणी होने का प्रतीक होगा। जब तक नेताजी बोस की भव्य मूर्ति पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनकी एक होलोग्राम प्रतिमा उसी स्थान पर मौजूद रहेगी। मैं नेताजी की जयंती 23 जनवरी को होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण करूंगा।'



**कहां लगेगी यह मूर्ति ?:** बताया जा रहा है कि इंडिया गेट पर 6 दशक से खाली पड़ी एक छतरी में नेताजी की प्रतिमा लगाई जाएगी। इससे पहले इस छतरी पर किंग जॉर्ज की मूर्ति लगी थी, जिसे बाद में 1968 में हटा दिया गया था।

**23 जनवरी को मनाया जाता है पराक्रम दिवसः** भारत सरकार ने पिछले साल को ये घोषणा की थी कि हर साल 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके पीछे का मकसद था कि देश के लोग, खासतौर पर युवाओं के भीतर नेताजी की तरह ही विपरीत परिस्थितियों का सामना करने और उनमें देशभक्ति की भावना का संचार हो सके।

संस्कृति मंत्रालय ने बकायदा एक अधिसूचना जारी करते हुए लिखा था, 'भारत के लोग नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष में इस महान राष्ट्र के लिए उनके अतुल्य योगदान को याद करते हैं।

# दिल्लीः निजी दफ्तर 50 फीसदी क्षमता से खुलेंगे

## वीकेंड कर्फ्यू-दुकानों का ऑड-ईवन जारी रहेगा

**नई दिल्ली**

दिल्ली में कोरोना महामारी को देखते हुए लगाया वीकेंड (सप्ताहांत) कर्फ्यू को समाप्त करने और दुकानें खुलने में ऑड-ईवन हटाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार सुबह उपराज्यपाल अनिल बैजल से अनुशंसा की थी। इसके लिए उन्होंने उपराज्यपाल को पत्र भेजा था, जिसमें से उप राज्यपाल ने तीन में से एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने दिल्ली में सभी निजी कार्यालयों के 50 प्रतिशत क्षमता से खुलने की अनुमति दे दी है। उपराज्यपाल ने सभी निजी कार्यालयों को 50 प्रतिशत क्षमता से खोलने की मंजूरी दे दी है। लेकिन वीकेंड कर्फ्यू और मार्केट में दुकान खुलने की ऑड-ईवन व्यवस्था कोरोना की स्थिति में और सुधार होने तक जारी रहेगी।



**महीने में सिर्फ 10 दिन खुल रहीं दुकानेंः** कहने को तो सिर्फ शनिवार व रविवार को ही दुकानों को बंद करने का निर्देश है, लेकिन ऑड-ईवन की वजह से सभी दुकानें नहीं खुल रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि सप्ताह में दो-तीन दिन ही दुकानें खुल रही हैं। करोल बाग के व्यापारी गुरमीत अरोड़ा ने बताया कि व्यापार तो जीरो हो गया है। ऑड-ईवन की वजह से सप्ताह मे कोई दुकान दो दिन खुल रही है तो कोई तीन दिन। इस तरह से महीने में 10 दिन से ज्यादा कोई दुकान नहीं खुल पा रही है।

**होलसेल व्यापार भी हो रहा प्रभावितः** खुदरा व्यापार के साथ दिल्ली का होलसेल व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। बाहरी राज्यों से आने वाले व्यापारियों की संख्या कम होने की वजह से थोक बाजार ठंडा पड़ गया है। करोल बाग मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुरली मनी व गांधी बाजार मार्केट एसोसिएशन के केके बल्ली का कहना है कि कोविड संक्रमण की वजह से अन्य राज्यों से आने वाले व्यापारियों की संख्या कम हो गई है।

# याचिका में 'भारतीय पर्यावरण सेवा' के गठन की मांग

**नई दिल्लीः** पर्यावरण से संबंधित सुरक्षा उपायों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए अखिल भारतीय सेवा की तर्ज पर भारतीय पर्यावरण सेवा का गठन करने की मांग के साथ सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने इस याचिका को लेकर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश एसके कौल और एमएम सुंदरेश की पीठ ने मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने यह संदेह भी व्यक्त किया कि क्या वह एक अलग अखिल भारतीय सेवा के निर्माण के लिए परमादेश जारी कर सकता है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि इस बात की जांच की जा सकती है कि क्या केंद्र का इरादा पूर्व कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को लागू करने का है। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता समर विजय सिंह की ओर से दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। समर विजय सिंह ने पूर्व कैबिनेट सचिव टीएसआर सुब्रमण्यम की अध्यक्षता में पर्यावरण ।

# पंजाबः भाजपा ने जारी की 34 कैंडिडेटों की पहली सूची

**चंडीगढ़**

**पंजाब** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने 34 उम्मीदवारों की पहली सूची शुक्रवार को जारी कर दी। भाजपा महासचिव दुष्यंत गौतम ने उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने बताया कि पार्टी की पहली सूची में किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले 12 उम्मीदवारों को, अनुसूचित जाति समुदाय के आठ लोगों को और 13 सिखों को टिकट दिए गए हैं।

सूची में डॉक्टर, वकील, खिलाड़ी, किसान, युवा, महिलाएं और पूर्व आईएएस शामिल हैं। भाजपा ने सुजानपुर से दिनेश बब्बू, दीनानगर से रेणु कश्यप, श्री हरगोबिंदपुर से बलजिंदर सिंह डकोहा, अमृतसर उत्तरी से सुखविंदर सिंह पिंटू, तरनतारन से नवरीत सिंह सफीपुर, कपूरथला से रणजीत सिंह खोजेवाला, जालंधर पश्चिम से महिंदर पाल भगत को टिकट दी है।

# यूपी में प्रियंका ही कांग्रेस का सीएम चेहरा

## 20 लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी, शिक्षकों के 1.50 लाख खाली पद भरे जाएंगे

**लखनऊ**

प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का मेनिफेस्टो जारी किया। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे पूछा कि पार्टी का मुख्यमंत्री चेहरा कौन होगा? इस पर प्रियंका ने उल्टा सवाल दाग दिया कि आप कोई और चेहरा देख रहे हैं क्या? प्रियंका का जवाब अपने आप में यह इशारा है कि पार्टी का सीएम चेहरा वही होंगी। मेनिफेस्टो जारी करते वक्त प्रियंका के साथ राहुल गांधी भी मौजूद थे। दोनों ने यूपी चुनाव के लिए भर्ती विधान का अनावरण किया है। प्रियंका ने कहा कि युवाओं से बात करके ही ये भर्ती विधान तैयार किया है। हम यूपी में हम 20 लाख नौकरियां देंगे। इसमें 8 लाख महिलाओं के लिए होंगे। हमने विधान में ये भी बताया है कि ये कैसे करेंगे। 12 लाख पद तो अभी भी खाली हैं। हम जॉब कैलेंडर बनाएंगे और इसका कड़ाई से पालन कराएंगे। भर्ती परीक्षाओं के लिए फीस नहीं लगेगी। परीक्षा देने के लिए ट्रेन और बस यात्रा भी मुफ्त होगी। युवा इस बात से परेशान हैं कि परीक्षाएं लीक हो रही हैं। युवा दुखी है। हमारी सरकार आएगी तो हम ये वादे पूरे करेंगे। हम सकारात्मक प्रचार कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि विकास की बात हो। युवाओं के भविष्य की बात हो। विधान में हमने ये भी बताया है कि युवा कैसे अपना उद्यम शुरू कर सकते हैं। युवाओं की समस्याओं को हमने इसमें एड्रेस किया है।






भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हुई अपर्णा यादव ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी(सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया।

# हरक सिंह रावत ने फिर थामा 'हाथ'

## थामा कांग्रेस का हाथः पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए भाजपा से किए गए थे निष्कासित

**देहरादून**

बीजेपी से छह साल के लिए निकाले के गए पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत अपनी बहू अनुकृति के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। इस दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत मौजूद रहे। हरक सिंह रावत पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगने के बाद भाजपा से निष्कासित किया गया था। हरक को विगत रविवार को भाजपा से निकाला गया था। सूत्रों से खबर है कि एक टिकट की शर्त पर हरक की कांग्रेस में वापसी हुई है। पार्टी से या तो हरक सिंह रावत को या फिर उनकी बहू को टिकट मिल सकता है। सोनिया व राहुल गांधी की हरी झंडी के बाद हरक सिंह को पार्टी में शामिल करने का अंतिम फैसला किया गया।



हरक की वापसी में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह व प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव लंबे समय से जुटे हुए थे। लेकिन पूर्व सीएम हरीश रावत ने 2016 के प्रकरण को देखते हुए उनकी वापसी को रोके रखा। वहीं हरक सिंह रावत के कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस भवन देहरादून में खूब आतिशबाजी और नारेबाजी हुई।

# एक्ट ईस्ट पॉलिसी में मणिपुर की अहम भूमिका : मोदी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नॉर्थ ईस्ट को एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र बनाने के केंद्र सरकार के विजन में मणिपुर की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य को पहली पैसेंजर ट्रेन के लिए 50 साल इंतजार करना पड़ा। इतने दशकों बाद रेल का इंजन मणिपुर पहुंचा है यही डबल इंजन की सरकार का कमाल है। प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के 50वें राज्य स्थापना दिवस पर अपने संबोधन में मणिपुर की पांच दशक की गौरवशाली यात्रा में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति के बलिदान और प्रयासों को नमन किया। उन्होंने मणिपुरी लोगों के इतिहास के उतार-चढ़ाव के बीच उनके लचीलेपन और एकजुटता को उनकी असली ताकत करार दिया। उन्होंने राज्य के लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं का प्रत्यक्ष लेखा-जोखा प्राप्त करने के अपने निरंतर प्रयासों को दोहराया जिससे उन्हें उनकी भावनाओं और अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से समझने और राज्य की समस्याओं से निपटने के तरीके खोजने में मदद मिली। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि मणिपुरी लोग शांति की अपनी सबसे बड़ी इच्छा पूरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मणिपुर शांति और बंद और नाकाबंदी से आजादी का हकदार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार मणिपुर को देश का खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के बेटे-बेटियों ने खेल के क्षेत्र में नाम रोशन किया है और उनके जुनून और क्षमता के आलोक में राज्य में भारत का पहला खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है।

उन्होंने स्टार्ट-अप क्षेत्र में मणिपुर के युवाओं की सफलता पर भी टिप्पणी की। उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# भारतीय वैज्ञानिक का दावा- कोरोना 50 दिन में दम तोड़ देगा

**नई दिल्ली**

भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के टॉप साइंटिस्ट समीरन पांडा का एक बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा है कि अगर ओमिक्रॉन के बाद कोरोना का कोई नया वैरिएंट नहीं आता है, तो 11 मार्च तक ये महामारी एंडेमिक स्टेज में आ जाएगी। इसका मतलब वायरस के संक्रमण की रफ्तार काफी धीमी हो जाएगी।

**पहले जान लें, क्या होती है एंडेमिक स्टेज ?**-अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, कोई बीमारी एंडेमिक स्टेज में तब मानी जाती है जब उसकी मौजूदगी स्थाई और संक्रमण सामान्य हो जाता है। ऐसे में महामारी का असर कम लोगों या किसी खास इलाके तक सीमित हो जाता है। इसके साथ ही वायरस भी कमजोर हो चुका होता है। इसके अलावा लोग भी उस बीमारी के साथ जीना सीख जाते हैं।



**कोरोना महामारी की एंडेमिक स्टेज आने की बड़ी वजहें**

**ओमिक्रॉन गंभीर नहीं, माइल्डः** मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के डॉ निरंजन पाटिल कहते हैं कि ओमिक्रॉन कोरोना के पिछले वैरिएंट्स के मुकाबले माइल्ड है। ये फेफड़ों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा पाता, जिससे निमोनिया, ऑक्सिजन की कमी हो या आईसीयू में भर्ती होने की जरूरत पड़े। ओमिक्रॉन के 85-90% मामलों में मरीज को इसके कोई लक्षण नहीं आते।

**कोरोना वैक्सीन का असरः** टोरंटो यूनिवर्सिटी की इम्यूनोलॉजिस्ट जेनिफर गोम्मरमैन कहती हैं कि मौजूदा वैक्सीन और उनके बूस्टर डोज हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत कर रहे हैं। इससे हम कोरोना से होने वाली गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से भी बच जाते हैं। दुनिया भर की कई कंपनियां ओमिक्रॉन को निशाना बनाने के लिए नई तरह की वैक्सीन भी तैयार कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### कई माह से नहीं मिला वेतन, कैसे करें काम

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों ने शुक्रवार को बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अंकित यादव ने पांच माह से वेतन का भुगतान न होने पर नाराजगी जताई। कहा कोरोना संक्रमण के दौरान जान की परवाह किए बगैर करीब 200 कर्मचारियों ने अस्पताल में बेहतर सेवा दी। इसके बाद भी उन्हें अपनी मेहनत की कमाई के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बकाया भुगतान के अलावा कोई अवकाश भी नहीं मिलने से मानसिक रूप से कर्मचारी परेशान हैं।

### नागरिक पीजी कॉलेज में टीकाकरण 24 व 25 जनवरी को

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में 15 से 18 वर्ष तक एवं उसके उपर तक के छात्र छात्राओं को कोराना की वैक्सीन 24 एवं 25 जनवरी को लगाई जाएगी जो छात्र छात्राएं अभी तक वैक्सीन न लगवाया हो वह महाविद्यालय में आकर वैक्सीन लगवा लें।यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर राजीव मालवीय ने दिया है।

# कार की टक्कर से युवक की हुई मौत

## नन्हे-मुन्ने बच्चों के सर से उठा पिता का साया, पोस्टमार्टम के बाद लाश घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सड़क पार करते समय कार की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक टकराया और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थरवई थाना क्षेत्र के चिरौड़ा चौराहे पर रुदापुर गांव के सामने गुरुवार की देर रात देवनहरी गांव निवासी राजेश कुमार 40 वर्ष पुत्र रामधन घर जाने के लिए सड़क पार कर रहा था। उसी समय प्रयागराज की तरफ से अनियंत्रित तेज गति से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजेश कुमार लगभग 100 मीटर सड़क पर घिसटता हुआ चला गया। जिससे उक्त युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार सहित सभी लोग पहुंचे तब तक राजेश कुमार की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना पीआरबी तथा थरवई पुलिस सहित परिजनों दी गई। रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। वहीं कार चालक कार खराब हो जाने की स्थिति में कार को घटनास्थल से एक किलोमीटर



मृतक राजेश कुमार (फाइल फोटो)


दूर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस कार तथा शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई और पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजेश कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। राजेश की मौत से पत्नी कृष्णा एवं पुत्र मनीष, सुमित एवं आदित्य सहित परिवारी जन का रो रो कर बुरा हाल है।

## नहर के पास लावारिस लाश देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**सहसों।** थाना थरवई क्षेत्र के रुदापुर गांव के सामने शुक्रवार की सुबह नहर की पुलिया के समीप पूर्वी पटरी पर एक अज्ञात लाश दिखाई देने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय रामसुमेर यादव ने उसी नहर की पुलिया के पास दुकान खोल रखी है। राम सुमेर यादव शुक्रवार की सुबह जब दुकान बोलने आया तो देखा कि नहर की पटरी के पास एक अज्ञात लाश पड़ी हुई है। शोर मचाने पर गांव के तमाम ग्रामीण देखते देखते इकट्ठा हो गए और पूरे ग्रामीणों में लाश को देखते ही हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना थरवई थाने में दी गई तो हलका इंचार्ज चंदन सरोज अपने हमराहिओं के साथ मौके पर पहुंचकर तमाम लोगों द्वारा लाश की पहचान कराई गई। परंतु लाश की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने लिखा पढ़ी करते हुए लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए रुपये

**प्रयागराज।** लाख कोशिशों और जागरूकता अभियान के बाद भी साइबर ठगी थम नहीं रही है। मुट्ठीगंज थाना महावीरन गली की रहने वाली गायत्री गुप्ता ने मुट्ठीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बैंक ऑफ बड़ौदा बांसमंडी में उनका एकाउंट है। उनका बेटा शील कुमार गुप्ता एटीएम से रुपये निकालने गया। एमटीएम से रुपये निकालने की कोशिश उसने तीन बार की लेकिन रुपये नहीं निकले। थक हारकर वह घर लौट आया। कुछ देर बाद मोबाइल पर मैसेज आया कि खाते से रुपये निकाल लिए गए। बैंक जाने पर पता चला कि बाद में रुपये किसी और ने निकाले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## भोलेनाथ के मंदिर एवं 4 घरों में ताला तोड़कर में चोरों ने किया चोरी

**जंघई।** सराय ममरेज थानांतर्गत राचनपुर बघेड़ी गांव में गुरुवार रात्रि में राजेश्वर ग्राम समिति मंदिर में चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर मंदिर के अंदर से घंटा कलश, दान पेटी का पैसा, पीतल का लोटा आदि सामान चोरी कर लिया। वहीं चनेथू पड़ान गांव में ताला तोड़कर चोरों ने 4 घरों में हजारों रुपए का गृहस्थी का सामान, पीतल स्टील के बर्तन, गहने चुरा ले गए एवं अन्य सामान चोरी कर ले गए।ग्रामीणों को सुबह जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और चली गई ग्रामीणांचल में हो रही चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश है।

## ब्लॉक कोरांव की पांच ग्राम पंचायतें उत्कृष्ट कार्य में अव्वल

अखंड भारत संदेश

**मनरेगा उप श्रमायुक्त प्रयागराज को बी डी ओ ने भेजा पत्र**

**कोराव।** विकास खंड कोरांव के कुल 115 ग्राम पंचायतों में विभिन्न आवश्यक रूप से जिन उत्कृष्ट कार्य कराए गए हैं,उस विकास कार्यों में कुल पांच ग्राम पंचायतें अव्वल आई हैं,जिसकी सूची बी डी ओ कोरांव मुकेश कुमार सिंह ने उप श्रमायुक्त मनरेगा प्रयागराज को प्रेषित की है,जिससे उक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम वासियों में हर्ष है। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक के ग्राम पंचायत अल्हवा और ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे को 100 रोजगार प्राप्त परिवारों की संख्या 44 होने,दूसरे क्रमांक ग्राम पंचायत बड़ोखर प्रधान नन्हे सिंह को सर्वाधिक मानव दिवस 37001,ग्राम पंचायत चंदापुर प्रधान जगमोहन सिंह को सर्वाधिक व्यक्तिगत लाभ परक योजनाओं में 5,82लाख रुपए का कार्य किए जाने,ग्राम पंचायत पथरताल श्रीमती विमला देवी कोल को 80,18 प्रतिशत एस्टी एस सी का मानव दिवस सृजन में तथा ग्राम पंचायत टीकर प्रधान श्रीमती रजनी कुशवाहा को महिलाओं का मानव दिवस सृजन में 60,37 प्रतिशत और ग्राम पंचायत किहुनी कला श्रीमती नीलम को पंचायतों में एन आर एम प्रतिशत का 92,45 प्रतिशत सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों में अव्वल स्थान लाने में खंड विकास अधिकारी से जनपद द्वारा मांगी गई सूची के मुताबिक उत्कृष्ट कार्यों ,विकास के प्रति योगदान की सूची उप श्रमायुक्त मनरेगा प्रयागराज को प्रेषित की।

# माघ मेला : कल्पवासी शिविरों में घुसा गंगा का पानी



गंगा जलस्तर लगातार बढ़ने से शिविरों में घुसा पानी



शिविरों से पानी निकाला जा रहा पानी

अखंड भारत संदेश

## पुल नंबर 2 के समीप पुलिस चौकी में भी घुसा पानी

**प्रयागराज।** मेला क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कानपुर बैराज से आज गुरुवार को फिर 24 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे पहले वहां से 20 से 22 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। वह पानी प्रयागराज पहुंचकर मेला क्षेत्र के लोगों को परेशानी में डाल दिया है। माघ मेला में गंगा किनारे बसी संस्थाओं के शिविरों में पानी घुस गया है। कल?पवासी शिविरों में हड़कंप मच गया है। लोग अपने सामानों को लेकर इधर-उधर सुरक्षित स?थानों पर शरण ले रहेहैं।कल?पवासी शिविरों में पानी न घुसे, इसके लिए सिंचाई विभाग के इंतजाम नाकाफी है। बालू से पानी रोकने का प्रयास किया गया था लेकिन वह भी बह गया है। सिंचाई विभाग ने जियो ट्यूब से कटान रोकने के लिए टेंडर किया है लेकिन अब तक उन्होंने इसका इस्तेमाल नहीं किया गया है। जबकि जियो ट्यूब का उन्हें पहले ही इस्तेमाल करना चाहिए थे। सिंचाई विभाग के अफसरों की लापरवाही से पानी लगाातर शिविरों में भर रहा है। उनकी लापरवाही के चलते कल्पवासी जप तप करने के बजाय अपना सामान समेटने में लगे हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने के चलते मेला की बसावट गड़बड़ा गई है। कल्पवासी परेशान हैं, एक तो सर्दी और कोरोना का कहर, उस पर अब गंगा की बाढ़ ने संकट और बढ़ा दिया है।त्रिवेणी और कालीमार्ग पर झूंसी की तरफ गंगा किनारे अधिकतर तीर्थ पुरोहितों के शिविर लगाए गए है। इसमें तमाम कल्पवासी बसे थे। अब उनको सेक्टर पांच में शिफ्ट किया जा रहा है। अब तक करीब पांच सौ कल्पवासियों को सेक्टर दो और तीन से सेक्टर पांच में शिफ्ट किया गया है। यह क्रम अभी जारी है। आने वाले दिनों में गंगा का जलस्तर और बढ़ सकता है। इसलिए नदी के किनारे की अन्य संस्थाओं को भी वहां से हटाया जा रहा है। पानी बढ़ने से जल पुलिस की भी सक्रियता बढ़ा दी गई है। स्नान घाट पर लगातार जल पुलिस की टीम निगरानी कर रही है।

## गंगा नदी का जलस्तर विगत वर्ष से 107 सेंटीमीटर (3.5 फीट) ऊपर होने के कारण उत्पन्न हुई समस्या

अखंड भारत संदेश

**मंडलायुक्त ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, मेला क्षेत्र में जलभराव की समस्या का कारण सीपेज बताए जाने पर उसका शीघ्र उपाय करने के दिए निर्देश, गंगद्वीप से स्थानांतरित किए गए जो भी श्रद्धालु दूरी होने के कारण सेक्टर 5 नहीं जाना चाहते उनसे लिखित में सहमति लेने के निर्देश दिए**

**जो भी संस्था जिस सुविधा के लिए अनुमन्य है एवं जो उसे विगत वर्षों में मिलती रही है उसे वह सुविधाएं दी जाएं**

**प्रयागराज।** माघ मेला में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि से उत्पन्न हुई समस्याओं के तत्काल निदान हेतु मंडलायुक्त श्री संजय गोयल ने मेला अधिकारी श्री अरविंद कुमार चौहान एवं अन्य अधिकारियों समेत मेले के सबसे प्रभावित क्षेत्रों का आज निरीक्षण कर स्थिति का जायजा दिया। सेक्टर 3 स्थित गंगद्वीप, सेक्टर 2 तथा अन्य प्रभावित स्थानों पर सिंचाई विभाग द्वारा नदी के जल को मेला क्षेत्र में आने से रोकने हेतु की गई कार्यवाही का निरीक्षण करते हुए मंडलायुक्त ने मैनपावर, ट्रैक्टर्स एवं पंप्स की संख्या बढ़ाकर मेला क्षेत्र से पानी को तत्काल निकालकर वहां बालू डलवाने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जल स्तर की निरंतर निगरानी करने एवं किसी भी परिस्थिति में अगर जल स्तर में और भी वृद्धि के संकेत मिलते हैं तो उसके दृष्टिगत पहले से ही पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। गंगा नदी का जलस्तर विगत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष लगभग 3.5 फुट ऊपर है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल निगम के अधिकारियों द्वारा की जा रही धीमी कार्यवाही पर खासी नाराजगी व्यक्त की जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा उनको अवगत कराया गया की जल स्तर में वृद्धि के कारण आसपास के क्षेत्रों का वाटर टेबल ऊपर आ गया है जिसकी वजह से पानी का सीपेज हो रहा है। सभी प्रभावित संस्थाओं में यही सीपेज का पानी आ रहा है तथा बार-बार ड्रेन आउट करने के पश्चात भी पानी भरता जा रहा है। इस पर मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में और बालू डलवाने एवं और अधिक पंप लगाकर पानी को निरंतर ड्रेन आउट करने के निर्देश दिए।

जलस्तर में वृद्धि होने से गंगद्वीप की सभी प्रभावित 44 संस्थाओं एवं प्रयागवालों को सेक्टर 5 एवं अन्य स्थानों पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ मेला अधिकारी के निर्देशन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। परंतु कई श्रद्धालु सेक्टर 5 में स्थानांतरित नहीं होना चाहते। यह संज्ञान में आने पर मंडलायुक्त ने सभी संस्थाओं की एक सूची बनाकर जो लोग भी सभी मूलभूत सुविधाएं देने के पश्चात भी स्थानांतरित नहीं होना चाहते उनसे लिखित में सहमति लेने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने गंगद्वीप के प्रभावित श्रद्धालुओं को सेक्टर 5 के जिस स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है उसका भी निरीक्षण कर वहां शौचालय, बिजली, पानी जैसी अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी की सुरक्षा हेतु वहां पुलिस बल की भी तैनाती हेतु मेला अधिकारी को निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त के संज्ञान में यह भी लाया गया कि इस वर्ष कई संस्थाओं को अनुमन्य सुविधाएं विगत वर्षों की तरह अभी तक नहीं मिल सकी हैं जिस पर उन्होंने मेला अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी संस्था जिस सुविधा के लिए अनुमन्य है एवं जो उसे विगत वर्षों में मिलती रही हैं उसे वह सुविधाएं दी जाएं। साथ ही उन्होंने सभी संस्थाओं में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है या नहीं इसे एक टीम लगाकर क्रॉस चेक करने के भी निर्देश दिए हैं।





कथा का सुनाते अभयेश्वर प्रपन्नाचार्य जी एवं कथा का श्रवण करते भक्तजन।

# प्रेम और श्रद्धा का भूखा है परमात्मा : अभयेश्वर प्रपन्नाचार्य

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** संगीतमय चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ गुलालपुर में छठवें दिन कथा व्यास अभयेश्वर प्रपन्नाचार्य महाराज जी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी कथा का प्रस्तुति करते हुए कहा कि परमात्मा प्रेम का पुजारी है। ,, प्रेम जब अनंत हो गया है। रोम रोम संत हो गया है।।,, प्रभु श्रद्धा, प्रेम एवं समर्पण भावना से ही प्राप्त होते हैं और तभी उनकी कृपा भक्तों पर बरसती है। उन्होंने कहा भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर उत्सव के समय कंस द्वारा भेजा गया सटकासुर नाम का राक्षस प्राण लेने के लिए आया। भगवान ने उसका उद्धार किया। इसी प्रकार प्रणावरत नामक राक्षस ने भगवान कृष्ण के ऊपर हमला किया भगवान ने उसका भी उद्धार किया। कथा व्यास ने कहा कृष्ण स्वयं परम ब्रह्म है। उन्होंने बाल लीला प्रसंग में ओखली से यशोदा मां द्वारा लल्ला को बांधना, माखन चोरी करना सहित अन्य प्रसंगों की प्रस्तुति सुन कर उपस्थित श्रोता भक्त भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा परमात्मा का काम है जीव को बंधन मुक्त करना। जिसके लिए मनुष्य को पूरी आस्था के साथ समर्पित होकर उनकी आराधना, मनन, चिंतन करना चाहिए। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान वेद मणि तिवारी प्रबंधक, शिव प्रकाश तिवारी प्रधानाचार्य, डा प्रयाग दत्त तिवारी प्राचार्य ने कथा व्यासपीठ तथा मंडप में आवाहित देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। अंततः प्रभु आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है।। सुंदर भजन पर पंडाल में बैठे श्रोता भक्त प्रेम से झूमने लगे। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से डा आशुतोष तिवारी प्रधानाचार्य, राम दत्त तिवारी प्राचार्य, डा सूर्य नारायण तिवारी, राधेश्याम तिवारी, डा पुष्कर नाथ, शिव मूर्ति तिवारी, विद्याधर, हरिहरनाथ, वेद मणि तिवारी, शिक्षक रमेश कुमार दुबे, सुरेश पांडे, लक्ष्मीकांत मिश्रा, दिनेश कुमार शुक्ला, चंद्रिका प्रसाद, वीरेंद्र कुमार सिंह, अजीत पाण्डेय, सुरेश तिवारी सहित भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान कर आनंदित हो उठे।

# फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल ने मुंबई इंडियंस को हराया, की ट्रॉफी पर कब्जा

अखंड भारत संदेश

**खिलाड़ियों को प्रदान किए गए पुरस्कार**

**नैनी।** स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट महर्षि आश्रम, अरैल नैनी में महर्षि महेश योगी जी के (105) वीं अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर महर्षि मेमोरियल कप (क्रिकेट) टूनामेंट काआयोजन ब्रह्मचारी गिरीश जी के प्रेरणा से चल रहा था। जिसका फाइनल मैच मुकाबला शुक्रवार को मुंबई इंडियंस एवं दिल्ली कैपिटल के बीच खेला गया। पहले टॉस जीतकर मुंबई इंडियंस ने फिल्डिंग करने के लिए फैसला लिया और दिल्ली कैपिटल को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। दिल्ली कैपिटल ने बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 118 रन बनाए। जिसका मुंबई इंडियंस ने पीछा करते हुए सिर्फ 64 रन ही बना पाई। विजेता टीम दिल्ली कप्तान शैल पूरी, उपविजेता मुंबई इंडियंस के कप्तान रावेंद्र मिश्रा थे। इस मौके पर महर्षि संस्थान के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव एवं बसंत दास के द्वारा विजेता व उपविजेता के साथ-साथ अन्य मैचों के मैन ऑफ द मैच तथा कमेटी के सदस्यों को उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कार वितरित किया गया। इस दौरानं आचार्य विनय कुमार पांडेय, सोनू पांडेय नरोत्तम पांडेय, सुभाष शर्मा, अक्षय शर्मा, जयदीप नायक, प्रशांत दाश, राम मंगल, प्रियव्रत पंडा, विश्वनाथ पाठी, विमल मिश्र, ऋषि त्रिवेदी और संजय श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।



विजेता टीम खुशी का इजहार करते हुए

# 20 दिन में 4754 संक्रमित, 4 मौत

## प्रतिदिन मिल रहे करीब 400 नए मरीज, ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में भी वृद्धि

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनवरी माह के पहले दिन यानी एक जनवरी को कोरोना ने जो रफ्तार पकड़ा वह आज 20वें दिन भी कायम रहा। 20 दिन में कोरोना के कुल 4754 मरीज मिल चुके हैं। अच्छी बात यह है कि कोरोना से होने वाली मौतों में दूसरी लहर की अपेक्षा इस बार काफी सुधार है। तीसरी लहर में कोरोना संक्रमित चार मरीजों की मौत तो हुई लेकिन वह पहले से भी अस्वस्थ थे। अस्पताल गए थी उसमें महज 90 फीसद मरी को न तो आक्सीजन की जरूरत पड़ी न ही कोई रेमेडिसिवर इंजेक्शन की। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी राहत की सांस ले रही है।




### 395 नए मरीज, 450 मरीज हुए डिस्चार्ज

डॉ. ऋषि सहाय ने बताया कि गुरुवार को कोरोना के 395 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। पहले से संकमित मरीजों में 450 मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसमें नौ मरीजों को अस्पतालों से घर भेजा गया जबकि 441 मरीजों को होम आइसोलेशन से बाहर आने की अनुमति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, दिन भर में 7924 सैंपलों की जांच हुई जिसमें 395 को छोड़ बाकी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

## पत्नी से विवाद कर नए पुल से कूदा युवक, मौत

**प्रयागराज।** पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने नैनी नए यमुना पुल से कूदकर जान दे दी। शुक्रवार को गोताखोर की मदद से उसका शव निकाला गया। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कीडगंज पुलिस ने बताया कि अलोपीबाग निवासी राहुल उर्फ नामित गौतम (28) का पत्नी पूजा के साथ गुरुवार रात में विवाद हुआ था। किसी बात को लेकर दोनों में हुई झड़प के बाद राहुल घर से निकल गया। बताया जा रहा है कि वह नशे में था और नये यमुना पुल से आकर कूद गया। रात में उसका कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह गोताखोर मनोज निषाद समेत अन्य टीमें लगाई गई। कुछ घंटों की मेहनत के बाद गोताखोर ने युवक का शव ढूंढ निकाला। घटना के बाद उसकी पत्नी और मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

# वीर अमर शहीद गिरीश शुक्ला क्रिकेट टूनार्मेंट के क्वाटर फाइनल मैच में कौधियारा की आमा टीम विजेता रही

अखंड भारत संदेस

**करछना।** के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर भडेवरा क्रिकेट क्लब की ओर से चल रहे 15 दिवसीय वीर अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ल क्रिकेट टूनार्मेंट का क्वार्टर फाइनल का मैच शुक्रवार को खेला गया । जिसमें पहला मैच बरदहा क्रिकेट क्लब व जेएम डी क्रिकेट क्लब आमा के बीच खेला गया। जिसमें बरदहा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट पर 95 रन का स्कोर खड़ा किया। वहीं आमा की टीम ने 9 विकेट खोकर 99 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरा मैच हिंदुस्तान स्पोटिंग क्लब भुडां व सनराइज क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक व दिलचस्प मुकाबला हुआ । जिसमें भुडां की टीम ने 69 रन पर ही आल आउट हो गई। वहीं सनराइज की टीम ने 7 विकेट पर 70 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। आमा की टीम के खिलाड़ी महेश द्विवेदी व संनराईज टीम के खिलाड़ी मुकेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि केचुहा श्याम नंदन तिवारी की ओर से दिया गया । कमेंटेटर के रूप में विष्णु शर्मा व राजेश पांडेय रहे । एंपायर के रूप में सत्यम ओझा मोनू मिश्रा व मनीष द्विवेदी रहे। प्रतियोगिता के अध्यक्ष सपा विधानसभा करछना उपाध्यक्ष आयुष तिवारी आयोजक आशुतोष ओझा सागर मिश्र संयोजक रामसुंदर मिश्र शिवांश मिश्रा पीयूष केसरवानी व व्यवस्थापक शिवम मिश्रा व श्री नारायण मिश्र ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों समेत दर्शकों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक क्षितिश तिवारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भडेवरा राजमणि विश्वकर्मा शेखर मिश्रा विकास पांडेय धीरज शर्मा रामपाल सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए

## खबर संक्षेप

### पत्नी की तलाश के लिए भटकता रहा, मुंबई में मिली लोकेशन

**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ का एक युवक अपनी पत्नी की तलाश में जीआरपी से लेकर सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन का चक्कर लगाता रहा। चार दिन बाद पता चला कि उसकी पत्नी मुंबई पहुंच गई है इसके बाद उसने राहत की सांस ली। प्रतापगढ़ का रहने वाले अब्दुल कादिर की पत्नी तहसीन बानो मुंबई स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर गई थी। साकेत एक्सप्रेस ट्रेन से तहसीन अपने देवर नसीम और रिश्तेदार अरमान के साथ प्रयागराज लौट रहा था। 16 जनवरी को साकेत एक्सप्रेस से तीनों प्रयागराज उतरे और प्लेटफार्म नंबर 10 से बाहर आ रहे थे। इस बीच का रहस्यमय परिस्थिति में तहसीन लापता हो गई। इस घटना की जानकारी अब्दुल कादिर को दी गई। वह स्टेशन पहुंचा और छानबीन किया लेकिन पता नहीं चला। उसके दोनों बच्चे गांव में ही थे। स्टेशन से लेकर सिविल लाइन्स थाने तक अब्दुल मदद के लिए परेशान रहा। शुक्रवार को पता चला कि उसकी पत्नी महाराष्ट्र पहुंच गई है। अब्दुल ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है। वह लेने जा रहा है।

# भरभरा कर गिरा 1964 में बना भारतीय बालिका माध्यमिक विद्यालय की दीवाल

## मलबे में दबे 2 मजदूर, प्रधान पर लगे हैं विद्यालय के बगल मट्टी खुलवाने का गंभीर आरोप



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बमरौली स्थित भारती बालिका माध्यमिक विद्यालय के भवन का एक हिस्सा शुक्रवार को भरभराकर गिर गया। तिवारी का तालाब में स्थित इस स्कूल को 1964-65 में ग्रामसभा की जमीन पर टीले पर बनाया गया था। दबंग प्रधानपति ने प्रिंसिपल के विरोध के बाद भी विद्यालय के टीले की 12 फीट जमीन में 15 फीट गहराई तक खोदाई करवा दी थी। इसकी वजह से विद्यालय का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया।विद्यालय के अचानक गिरने से उसके मलबे में दो मजदूर भी दब गए। मजदूरों को किसी तरह से बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती किया गया है। गनीमत रही कि विद्यालय बंद होने के कारण उसमें क्लास नहीं चल रही थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। टीचर भी बाहर धूप में बैठे थे।

### विद्यालय के पीछे की टीले की जमीन काटने से कमजोर हुआ स्कूल भवन

यह विद्यालय 1964-65 में खुला था। आठवीं तक अनुदान पर चलता है। स्कूल में कक्षा नौ और 10 वित्तविहीन हैं। इसे ग्राम सभा द्वारा दान की गई जमीन पर बनाया गया था। विद्यालय एक टीले पर स्थित है। टीले के चारों तरफ करीब 15 फीट जमीन उसकी सुरक्षा के लिए छोड़ी गई थी। धीरे-धीरे इस जमीन को लोग काट-काटकर अपने में मिलाते गए। कई बार इसकी शिकायत भी हुई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।गांव के प्रधानपति माशूक अहमद ने विद्यालय के पीछे पासियों की बस्ती के लिए रोड बनवानी शुरू की। आरोप है कि रोड चौड़ी करने के लिए विद्यालय की 12 फीट जमीन खोद दी गई। जब विद्यालय के पीछे का 12 फीट तक टीला काट दिया गया तो विद्यालय की दीवार कमजोर हो गई और शुक्रवार की सुबह 10 बजे भरभराकर गिर गई।

### गनीमत रही बच्चे स्कूल में नहीं थे

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस समय स्कूल का एक हिस्सा भरभरा कर गिरा चारों तरफ गुबार फैल गया। कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। जोरदार धमाका हुआ और स्कूल का एक हिस्सा धराशाई हो गया। गनीमत रही कि कोविड-19 के कारण स्कूल में बच्चों की छुट्टियां चल रही थीं। अगर उस समय स्कूल चल रहा होता और बच्चे क्लास में होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### अगल-बगल के कमरों की छत भी हिली

स्कूल पुराने समय का बना हुआ है और लोहे के गार्डर पर उसकी छत टिकी हुई है। जिस समय स्कूल के दो कमरा भरभरा कर गिरे, लोहे का गार्डर भी हिल गया और आसपास के कमरों पर भी उसका असर पड़ा है। आस-पास के कमरे भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अब इस हालत में विद्यालय में बच्चों को पढ़ाना कतई सुरक्षित नहीं है। प्रिंसिपल वंदना सिन्हा ने बताया कि हमने जिलाधिकारी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस बारे में सूचना दे दी है।

### प्रधान ने कहा हम बनवाएंगे स्कूल

स्कूल की प्रिंसिपल ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर उन्होंने कई बार आलाधिकारियों से बात की पर किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में अधिकारियों की लापरवाही साफ सामने आ रही है। प्रिंसिपल की शिकायत का संज्ञान क्यों नहीं लिया गया, यह जांच का विषय है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच जरूरी हो गई है। जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि प्रधान पति माशूक अहमद का कहना है कि विद्यालय का भवन हम बनाएंगे।

# भाजपा में इलाहाबाद संसदीय सीट पर जाति समीकरण का पलड़ा भारी...

(सुनील गिरि)

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में फिर एक बार सत्ता हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व केंद्र सरकार में मौजूद नेताओं ने कमर कस चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकारों के बीच जाहिर सी बात है कि टिकट बंटवारे को लेकर मंथन का दौर भी चल रहा, है तो वहीं टिकट के दावेदारों के दिलों की धड़कनों को ् बढ़ जाना लाजमी है। फिलहाल पार्टी के अंदर खाने की बातों पर हम और आप यकीन करें तो जिताऊ कैंडिडेट के साथ ही जाति समीकरण को भी अनदेखा नहीं किया जाएगा। यदि जाति समीकरण को तवज्जो मिला तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनपद की पांच सीटों पर सवर्ण उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतार सकती है। बता दें कि पिछले दिनों प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में ताबड़तोड़ एक के बाद एक बैठक के दौरान भाजपा के पदाधिकारियों ने एक राय होकर संभावित दावेदारों की सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पास भेजने के लिए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को अधिकृत कर चुके हैं। उसी के बाद से दावेदारों के खेमे में बेचैनी बढ़ गई है। वहीं सूत्रों की बातों पर यकीन करें तो टिकट के दावेदारी पर जाति समीकरण भारी पड़ सकता है। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी 85 उम्मीदवारों में जाति समीकरण समेत महिलाओं को भी अच्छी खासी संख्या में टिकट दिए गए हैं। मिशन 2022 को हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक पहलुओं पर पैनी नजर रखते हुए हैं और जिताऊ प्रत्याशियों को ही टिकट देने के लिए जोर आजमाइश जारी है। वहीं दूसरी ओर पार्टी के रणनीतिकारों ने इलाहाबाद संसदीय सीट की पांच विधानसभा वार जाति समीकरण की सूची सूची तैयार करने की बात कही जा रही है। बीते 2017 विधानसभा चुनाव के आंकड़ों पर आगामी 2022 विधान सभा चुनाव पर यकीन करें तो शहर दक्षिणी में मुस्लिम मतदाता एक लाख बीस, हजार वैश्य एक लाख दस हजार, ब्राम्हण पचास हजार, कायस्थ दस हजार, पिछड़ी जाति 78 हजार, दलित अन्य 35 हजार मतदाता हैं। इसी तरह करछना विधानसभा में सर्वाधिक 95 हजार मतदाता ब्राम्हण हैं, उसके बाद दूसरे नंबर पर 55 हजार दलित मतदाता हैं। तीसरे स्थान पर पटेल मतदाताओं की संख्या 35 हजार है। चौथे स्थान पर मुस्लिम मतदाता हैं, जिनकी संख्या 22 हजार है। बनिया 15 हजार, यादव 20 हजार, निषाद 20 से 25 हजार, छत्रिय 10 हजार, भूमिहार 15 हजार, कायस्थ आठ और कुशवाहा मौर्य व अन्य मतदाताओं की संख्या 35 हजार है। वहीं मेजा विधानसभा में भी सर्वाधिक ब्राह्मणों की संख्या एक लाख पांच हजार है तो दलित मतदाताओं की संख्या 50 हजार है। मुस्लिम व बनिया मतदाताओं की संख्या 20-20 हजार है। यादव 22 हजार, पटेल 30 हजार, भूमिहार 15 हजार, कायस्थ 10 हजार, निषाद-बिंद 18 हजार, कुशवाहा मौर्य व अन्य मतदाताओं को संख्या 25 हजार है। जबकि बारा विधानसभा में दलित मतदाताओं की संख्या 80 हजार है तो सर्वाधिक मतदाताओं में पटेल बिरादरी पहले स्थान पर है जिनकी संख्या एक लाख से अधिक है। जबकि ब्राह्मण- कायस्थ 55 हजार हैं। निषाद 25 हजार, यादव-बनिया 15-15 हजार और मुस्लिम व अन्य मतदाताओं की संख्या 19 हजार है। इसी प्रकार कोरांव विधानसभा में कुल आदिवासियों मतदाताओं की संख्या 77 हजार, दूसरे स्थान पर ब्राह्मण-कायस्थ मतदाताओं की संख्या 55 हजार, पटेल बिरादरी के 50 हजार वोटर हैं। दलितों की संख्या 35 हजार, बिहारी चौहान व क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या 35 हजार, बनिया व धाइकार मतदाताओं की संख्या 18 हजार, अट्ठारह- अट्ठारह हजार, मुस्लिम 15 हजार है। अन्य पिछड़ा कुशवाहा 25 हजार है। कुल मिलाकर देखा जाए तो भाजपा के रणनीतिकारों ने जाति समीकरण को महत्व दिया तो शहर दक्षिणी से वैश्य, मेजा से ब्राम्हण उम्मीदवारों को टिकट मिलना तय हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी पर यदि हम यकीन करें तो करछना विधानसभा संभावित उम्मीदवारों ब्राह्मण अन्य जाति को भी टिकट दिया जा सकता है।

### सहायक चकबंदी अधिकारी के पुनरीक्षण आदेश को किया रद्द : हाई कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चक आवंटन के मामले में सहायक चकबंदी अधिकारी के पुनरीक्षण आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही पुराने आदेश को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा कि चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश की ओर से 26 मई 1981 को जारी अधिसूचना और जोत चकबंदी अधिनियम 1953 में सभी गांवों में मुख्य सड़कों, राष्ट्रीय एवं प्रांतीय मार्गों या किसी अन्य सड़क पर स्थित भूमि को चक आवंटन कार्यवाही से बाहर रखने का उल्लेख है, लेकिन सहायक चकबंदी अधिकारी ने इस बात का ध्यान नहीं रखा और फैसला एकतरफा कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय ने मुजफ्फरनगर के ओम पाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।सहायक चकबंदी अधिकारी मुजफ्फरनगर ने 2012 में हुई चकबंदी के दौरान याची की गांव की सड़क किनारे स्थित भूमि को अपने नौ जनवरी 2016 के पुनरीक्षण आदेश के तहत याची के प्लाट को प्रतिवादी संख्या दो के खाते में आदेशित कर दिया। इससे याची सड़क किनारे स्थित भूमि से वंचित हो गया। याची ने सहायक चकबंदी अधिकारी के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

# तेज रफ्तार बस ने स्कूटर में मारी टक्कर, महिला की मौत, पति की हालत भी गंभीर

**प्रयागराज।** अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार का हालचाल जानने जा रहे दंपति को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। जिससे महिला को गंभीर चोट आयी और पति भी घायल हो गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती किया। जहां महिला की मौत हो गई। वहीं पति की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद भाग रहे चालक को लोगों ने पकड़कर कीडगंज पुलिस को सौंप दिया। वहीं सूचना पर मृतका के बेटे सुधांशू व वैभव समेत परिवार के अन्य सदस्य अस्पताल पहुंचे। उन लोगों को यकीन नहीं हो रहा था कि मां जो अभी कुछ घंटे पहले घर से निकली थी, वह अब इस दुनिया को छोड़ गयी।

## हिरासत में लिया गया चालक

नगर कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर निवासी अलका गुप्ता 52 वर्ष पत्नी आनन्द गुप्ता के दो पुत्र हैं। पति प्राइवेट काम कर परिवार का भरण-पोषण करता है। शुक्रवार देर शाम अलका गुप्ता 52 वर्ष अपने पति के साथ स्कूटर से अस्पताल में भर्ती एक रिश्तेदार का हाल जानने जा रही थीं। जैसे हीबैरहना चौराहे के पास पहुंचे। तेज रफ्तार बस ने स्कूटर में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे। महिल के सिर पर गंभीर चोटे आयी वहीं पति भी घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अलका गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। वहीं पति की हालत गंभीर बनी हुई है। कीडगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि बस चालक को पकड़ लिया गया है।

## डूडा के कर्मचारी पर रिश्वत लेने का आरोप

**प्रयागराज।** यूनियन की ओर से डूडा के लिपिक को हटाने और इस भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच करने तथा इसके कारण हो रहे सफाई कर्मचारियों के उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।इलाहाबाद नगर निगम सफाई मजदूर यूनियन ने डूडा के एक कर्मचारी पर 10 हजार रुपये लेकर आउट सोर्सिंग कर्मचारी की भर्ती का आरोप लगाया है। यूनियन के अध्यक्ष की ओर से इस मामले की ओर से नगर आयुक्त व मेयर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। इस पर कार्रवाई नहीं होने पर यूनियन ने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जारी प्रमाण पत्र (बार काउंसिल प्रदत्त) जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 5513/105 रजिस्ट्रेशन दिनांक 25-09-2005 वास्तव में कहीं खो गया है।

**ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र महानारायन**
**पता - रामगढ़ पोस्ट डीहा(खाई) करछना प्रयागराज।**


# आर्थिक तंगी के चलते वृद्ध ने लगाई फांसी, मौत

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के गोसौरा कला गांव में आर्थिक तंगी के चलते एक वृद्ध ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ' सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोसौरा गांव निवासी रामसजीवन यादव आर्थिक तंगी से काफी

परेशान थे। एक वर्ष पूर्व इनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया था जिसमे उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। जिसका इलाज कराने में वह काफी रुपए खर्च किए जिसके चलते वह कर्ज व आर्थिक तंगी से परेशान

होकर शुक्रवार की सुबह गांव के बगीचे मे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर मृत अवस्था में वृद्ध

# दहेज हत्या के अभियुक्त की उम्रकैद की सजा रद्द , रिहा करने का आदेश

अखंड भारत संदेश

**11 वर्ष की सजा पूरी करने के पश्चात हाईकोर्ट ने रिहा करने का दिया आदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज हत्या के आरोपित की उम्रकैद की सजा रद्द करते हुए उसे नौ साल के कारावास की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि सत्र न्यायालय ने अचानक उत्तेजना में मारपीट से हुई मौत को हत्या न मानकर मानव वध करार देकर उम्रकैद की सजा सुनाई, जबकि, याची के खिलाफ हत्या करने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं।हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि अभियुक्त ने दी गई सजा से अधिक 11 साल सात माह की कैद भुगत ली है। इसलिए उसे तत्काल रिहा किया जाए। कोर्ट ने इसके साथ पीड़िता की मां को दो लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति राजीव मिश्र की खंडपीठ ने दादरी के जानू उर्फ जान मोहम्मद की सजा के खिलाफ अपील स्वीकार करते हुए दिया है।हाईकोर्ट ने आरोपित को निर्देश दिया है कि जिला जज गौतमबुद्धनगर के नाम दो लाख रुपये का डिमांड ड्राफ तीन माह में जमा करें, जिसे मृतका की मां को दिया जाए। यदि मां जीवित न हो तो मृतका के भाई-बहनों को पैसा दिया जाए। पैसा न जमा करने पर राजस्व वसूली प्रक्रिया अपनाई जाए।अपीलार्थी का तर्क था कि सात मार्च 2010 की शाम चार बजे वो काम से वापस घर लौटा। घर में देखा कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। मायके वाले दूसरे दिन सुबह आए। जनाजा नमाज पढ़ने के बाद लाश दफना दी गई। इसके पहले मृतका के भाई यासिन ने दहेज हत्या के आरोप में दादरी थाना में एफआईआर दर्ज करा दी। अपीलार्थी का कहना था कि उसका पांच साल का बेटा है। उसने हत्या नहीं की। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सत्र न्यायालय ने अन्य आरोपित राजू, कल्लू व फेम को बरी कर दिया। अपीलार्थी को ओजीवन कारावास व 20 हजार रुपये जुमाने की सजा सुनाई। अपीलार्थी सत्र न्यायालय के फैसले के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी।

# मेजा के मोबाइल उपभोक्ता जूझ रहे नेटवर्क की समस्या से

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र मे खराब मोबाइल नेटवर्क से उपभोक्ता इन दिनों आजिज आ चुके हैं। हालत यह है कि बाजार मे कंपनियों का टावर रहने के बाद भी टावर के पास तक में नेटवर्क सही ढंग से नहीं रहता है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को बात करने के लिये एवं इंटरनेट से संबंधित कार्य के लिए परेशान होना पड़ता है। इतना ही नहीं फोन पर बात करते समय कई बार फोन कट जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी तो ग्रामीण क्षेत्र में है। जहां मोबाइल नेटवर्क के लिए उपभोक्ता परेशान रहते हैं। यमुनापार इलाके के मेजा, मांडा, उरुवा आदि क्षेत्रों के मोबाइल उपभोक्ता कंपनियों के खराब नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं। उपभोक्ताओं को बात करने के लिए कई बार कॉल लगानी पड़ रही है। जिससे उपभोक्ताओं में रोष पनप रहा है। मेजा के उपभोक्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि जल्द ही नेटवर्किंग समस्या ठीक नही होती है तो क्षेत्र मे लगे मोबाइल टावरों मे ताला लगा दिया जाएगा। वहीं मेजा के सामाजिक कार्यकर्ता व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अखिलेश मिश्रा बताया कि खराब नेटवर्क से जरूरी काम काज व व्यापार चौपट हो रहा है। कहीं नेटवर्क ही नहीं मिलता है, कहीं मिलता है तो 4जी की बजाय 2जी जैसा काम करता है। कंपनियों का नेटवर्क धीमा होने से इंटरनेट गड़बड़ चल रहा है। उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए टावर तो लगाए गए हैं, लेकिन आलम यह है कि नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र मे 4जी सुविधा तो बहुत ही खराब है। हालत बदतर है। उपभोक्ताओं ने बताया कि नेट पैक के नाम पर कंपनी तो राशि बढ़ाकर वसूल लेती है, लेकिन सुविधा टू जी के बराबर भी नहीं मिल रहा है। उपभोक्ताओं ने संबंधित कंपनी से जल्द से जल्द मोबाइल नेटवर्क को ठीक कराने की मांग की है। वहीं एजेंसी वाले भी कोई स्पष्ट जबाब नहीं दे पाते हैं कि समस्या का समाधान कैसे और कब होगा। यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

**पैसा फोर जी का और सेवा टू जी का, मोबाइल उपभोक्ता परेशान**



## चोरों ने उड़ा दिए टावर में लगे तार व बैटरी, सेवा हुई ठप

**मेजा रोड।** उरुवा में लगे मोबाइल टावर को चोरों ने निशाना बनाकर उसमें लगे किमती के बिल व पावर सप्लाई बनाने के लिए लगे बैटरी को चोरों ने पार कर दिया , जिसकी जानकारी सुबह हुई तो भुक्तभोगी ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दिए ' आपको बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के उरुवा चौराहे के समीप बीती रात चोरों ने एक टावर के के बिल व बैटरी तथा पावर सप्लाई बनाने के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को उठा ले गए ड्यूटी पर तैनात पवन कुशवाहा टेक्नीशियन ने बताया कि रात करीब 12:00 बजे से 2:00 के बीच में चोरों ने टावर का तार काटकर 24 बैटरी दो माड्यूल और एक छोटा सा पावर प्लांट चुरा ले गए बैटरी की कीमत लगभग डेढ़ से दो लाख बताई जा रही है ' रात को गार्ड मोहित केशरी10 बजे के आसपास देख कर घर चले गए थे। सुबह जब उसने टावर पर पंहुचे तो चोरी की घटना देख सन्न रह गए। टावर के लोगों ने तुरंत चोरी की सूचना संबंधित अधिकारियों को देते हुए डायल 112 को दी। डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने मौका मुआयना कर चले गए। पीड़ित ने चोरी की तहरीर मेजा पुलिसको दी है।



मोबाइल टावर के पास पहुंचे क्षेत्रीय लोग


## कार्यालय ग्राम पंचायत बड़गोहना कला विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज

### निविदा सूचना

**वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत बड़गोहना कला विकास खण्ड कौधियारा में कराये जाने कार्यों मनरेगा – राज्य वित्त/15वां वित्त हैण्ड पम्प मरमम्त व रीबोर/नाली खडंजा व निर्माण व मरम्मत, शौचालय निर्माण प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा अमंत्रित कि जाती है विकाश खण्ड कि पंजीकृत फरमें 15–11–2021 से 20–11–2021 तक आवेदन कर सकते है। निविदा दिनांक 23–11–2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।**

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामाग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिश चन्द्र के घर से हीरा लाल के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 7 लाख | 1 माह |
| 2 | संकठा के घर से लेकर हीरा लाल के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 6.50 लाख | 1 माह |

विद्याधर बिन्द
(प्रधान)
ग्राम पंचायत बड़गोहना कला
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज

वीरेन्द्र सिंह
(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्राम पंचायत बड़गोहना कला
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत बड़हा विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज

### निविदा सूचना

**वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत बड़हा विकास खण्ड कौधियारा में कराये जाने कार्यों मनरेगा – राज्य वित्त/15वां वित्त हैण्ड पम्प मरमम्त व रीबोर/नाली खडंजा व निर्माण व मरम्मत, शौचालय निर्माण प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा अमंत्रित कि जाती है विकाश खण्ड कि पंजीकृत फरमें 15–11–2021 से 20–11–2021 तक आवेदन कर सकते है। निविदा दिनांक 23–11–2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।**

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामाग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | उमा शंकर के घर से लेकर शिवमूरत के घर तक होते हुए जोडबरिया तालाब तक पक्की नाली कार्य | 2.40 लाख | 1 माह |
| 2 | संत लाल के घर से लेकर लाल जी के घर होते हुए यादव बस्ती तालाब तक पक्की नाली कार्य | 1.30 लाख | 1 माह |
| 3 | संत लाल के घर से लेकर लाल जी के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | 6.76 लाख | 1 माह |
| 4 | उमा शंकर के घर से शिव मूरत के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | 6.75 लाख | 1 माह |

अमर नाथ जायसवाल
(प्रधान)
ग्राम पंचायत बड़हा
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज

कविता यादव
(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्राम पंचायत बड़हा
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज

# निष्पक्ष व पवित्रता के साथ कराएं टीईटी परीक्षाः डीएम

## अफीम कोठी सभागार में परीक्षा के सम्बन्ध में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 23 जनवरी को जिले में प्रथम पाली में 41 केंद्रों पर तथा द्वितीय पाली में 27 परीक्षा केंद्रो पर संपन्न कराने के लिए अफीम कोठी सभागार में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि इस परीक्षा को हमको पूरी तरह से निष्पक्ष होकर पवित्रता एवं सुचिता के साथ संपन्न करानी है, इसके लिए हर संभव व्यवस्था की गई है। सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है क्योंकि यह परीक्षा अति संवेदनशील है इसलिए हमको पूर्ण रूप से सजग होकर सावधानी पूर्ण संपन्न करानी है। आप सशस्त्र बलों की सुरक्षा में कोषागार से प्रश्न पत्र लेकर परीक्षा केंद्रों पर जाएंगे और परीक्षा की समाप्ति पर सशस्त्र सुरक्षा बलों के



अफीम कोठी में आयोजित बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

साथ उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार के डबल लॉक में जमा करवाएंगे। परीक्षा प्रारंभ होने से आधे घंटे पहले परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर हर हाल में प्रवेश कर लेंगे। इसके पश्चात किसी को प्रवेश नहीं कराया जाएगा मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स सभी केंद्रों पर पूर्णतया वर्जित रहेगा और इसका प्रयोग कोई नहीं करेगा। परीक्षा में ड्यूटी करने वाले समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पास उनका परिचय पत्र रहेगा। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा अति संवेदनशील है और इसको आपको गंभीरता पूर्ण ढंग से एवं सावधानीपूर्वक संपन्न करानी है। आपकी देखरेख में वीडियोग्राफी के साथ प्रश्न पत्र खोले जाएंगे और परीक्षा के बाद आप ही की उपस्थिति में उत्तर पुस्तिकाएं वीडियो ग्राफी के साथ सीलिंग पैकिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। हमें कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करना है। सभी केंद्रों पर कोविड-19 हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। बैठक में डॉ सर्वदा नंद जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में प्रथम पाली में परीक्षा 41 केंद्रों पर और दूसरी पाली में 27 केंद्रों पर संपन्न होगी। केंद्र स्थापक, पर्यवेक्षक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट स्मार्टफोन का प्रयोग नहीं करेंगे। कोई भी परीक्षार्थी या कक्ष निरीक्षक ना तो मोबाइल लाएंगे है ना कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर विद्यालय में प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोहम्मद अनीस ने किया। इस मौके पर शिव प्रकाश प्राचार्य अफीम कोठी, पीडी, अखिलेश भारती, राजेश पाल, रमेश सिंह, श्याम शंकर सरोज एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# घर में सो रहे दो सगे भाई बालकों की जलकर दुखद मौत

## सम्पत्ति की लालच पर जेठ द्वारा बच्चों की हत्या का लगाया आरोप

### मां गई थी शौच, लौटी तो देखा बच्चे जिंदा जल रहे थे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज/परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भुलना का पुरवा भद्विव गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में लगी आग में दो सगे भाई बच्चे जिंदा जल मरे। घटना शुक्रवार की भोर की बताई जाती है। घटना के बारे में बताया जाता है कि छह वर्षीय कृष्णा और आठ वर्षीय ईशांत अपनी मां के पास गुरुवार की रात सोए हुए थे। शुक्रवार की भोर में लगभग पांच बजे नीलम शौच के लिये चली गई और जब लौटी तो देखा कि घर में आग लगी हुई है। दरवाजा खोला तो उसके कलेजे के दोनों टुकड़े आग से जलकर तड़प रहे थे, तभी मां ने पानी छिड़का लेकिन दोनों बच्चे आग में तड़पकर दम तोड़ दिये।

बताया जाता है कि उक्त थाना क्षेत्र निवासी नीलम पटेल पत्नी स्व0 दिलीप पटेल शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे कमरे में अपने दोनों पुत्र ईशांत (8) वर्ष व कृष्णा (6) वर्षीय को सोते समय दरवाजे पर बगैर कुंडी लगाकर शौच के लिए चली गई। जब वापस लौटकर आई तो देखा कि दरवाजे पर बाहर से कुंडी चढ़ी देख माथा ठनक गया और भागकर कुंडी खोलकर अंदर का नजारा देख जोर जोर से चिल्लाने लगी। शोर सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। अंदर का नजारा सभी हस्तप्रभ हो गए। बिस्तर पर दोनों सगे मासूम भाइयों का अधजला शव बिस्तर पर पड़ा रहा। घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ थाना प्रभारी अनिल पाण्डेय अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुचे और शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करके जांच में जुट गई। मासूम भाइयों की हत्या की खबर मिलने पर सीओ लालगंज व एडिशनल एसपी पश्चिमी रोहित मिश्रा फॉरेंसिक जांच टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक बच्चों की मां ने अपने सगे जेठ अशोक पटेल पुत्र रामसजीवन के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। बता दें कि मृतक बच्चों के पिता की बीमारी के चलते दो वर्ष पूर्व मौत हो गयी थी। उसी के बाद मृतक की पत्नी को जेठ द्वारा हिस्सा न देने की धमकी दी जा रही थी। बहरहाल पुलिस जांच में सब कुछ पता चल जाएगा कि किस कारण मासूम बच्चों को जलाकर मौत के घाट उतारा गया?

# ठंडी से बचाने के लिये गरीब असहायों को बांटा गया कम्बल

## दिव्य ज्योति सेवा संस्थान ने वितरित किया कम्बल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पूरे उत्तर भारत में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिले में तापमान में गिरावट और कड़ाके की ठंड शीतलहर से बचाने के लिए दिव्य ज्योति सेवा संस्थान कालाकांकर ने आलापुर में शुक्रवार को गरीबों एवं असहायों को कम्बल वितरण किया।

दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं, उन्हें ठिठुरते हुए रात गुजारनी पड़ती है। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कॉपते रहते हैं जो गरीबों की पीड़ा समझते हैं उन्हें इस नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिए। गरीबों एवं मजलूमों की सेवा बहुत ही पुण्य का काम है। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित बड़ौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक के रिटायर्ड शाखा प्रबन्धक श्री एस.के. शुक्ला ने कहा कि दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के कार्यों से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए यह संस्थान सीमित साधनों से ही समाज के कमजोर लोगों की सेवा में निरन्तर तत्पर रहता है, मेरी शुभकामनायें सदैव ऐसे संस्थानों के साथ हैं। संस्थान की स्वयं सेवक श्रीमती पार्वती सिंह ने कहा कि कम्बल पाकर गरीबों को ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। गरीबों के चेहरे की खुशी देखकर मन को बड़ी शांति मिलती है, उन्होंने कम्बल वितरण कार्यक्रम में आये हुए लोगो के प्रति आभार ब्यक्त किया। इस अवसर पर राधिका सिंह, देवांश प्रताप सिंह, डॉ बी कुमार, कन्हैया लाल मिश्रा, पन्नों देवी, रामा देवी, कृष्णा सोनकर, धनपति देवी, श्रेया मौर्या, शिवानी सहित दर्जन लोगों को कम्बल वितरण किया गया।



जरुरतमंद को कम्बल वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

### विवाहिता ने ससुराली जनों पर लगाया मारपीट का आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी के 15 साल बाद भी पति और जेठ द्वारा प्रताड़ित की जा रही विवाहिता परेशान होकर में अपने पति व जेठ के खिलाफ पट्टी कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के देनवा सूक्खूपुर दुबौली गांव की रहने वाली पूनम तिवारी पत्नी राम प्रकाश तिवारी ने बताया कि उसकी शादी 2004 में ही हो चुकी है उसके पति जेठ व जेठानी उसे मारते हुए पीटते हैं। इन सब से आजिज आकर एक बार आत्महत्या का प्रयास भी कर चुकी है पीड़िता ने इस संबंध में ससुराली जनों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सगरा ढलाई पर सब्जी मण्डी हेतु चला बुलडोजर

## गुमटी उठा ले गये नगर पालिका कर्मी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर में कम्पनी गार्डेन के सामने लगने वाली सब्जी मण्डी अब मीरा भवन के आगे प्रतापगढ़ सिटी रोड पर सगरा ढलान पर स्थानांतरित होनी है। इसको लेकर शुक्रवार को नगर पालिका ने नवीन प्रस्तावित सब्जी मण्डी स्थल से अतिक्रमण हटाने के लिये अपनी पूरी टीम उतार दी।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा कई नगर पालिका के कर्मचारी जेसीबी, ट्रैक्टर, डम्पर लेकर नवीन सब्जी मण्डी स्थल पहुंचे और सड़क के किनारे गुमटियों तथा अतिक्रमण को हटाने लगे। कई गुमटियों को नगर पालिका उठा ले आई है। रेता, गिट्टी बालू के दुकानदारों को शनिवार की प्रातः तक हटा लेने की चेतावनी दी गई है। इस अतिक्रमण विरोधी अभियान में रोड गैंग के कर्मचारियों के अलावा अनिल शुक्ला, प्रशांत सिंह, ओपी शुक्ला, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

बता दें कि कम्पनी गार्डेन के सामने सब्जी मण्डी लगने से आए दिन जाम लगता था जिसको देखते हुए नगर पालिका ने मीरा भवन के आगे सगरा ढलान पर सब्जी मण्डी स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। इस ढलान पर सड़क के दोनों तरफ गुमटियां व अतिक्रमण फैला हुआ है जिसे नगर पालिका ने आज हटाने की मुहिम छेड़ी।



सगरा ढलाई पर अतिक्रमण हटाते सफाई कर्मचारी।

### गोवंश तस्करी को लेकर पुलिस को मिली सफलता, सोलह गोवंश हुए बरामद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस को गोवंश की तस्करी रोकने मे बडी सफलता हासिल हुई है। कोतवाल कमलेश कुमार पाल बीस जनवरी की रात फोर्स के साथ चेकिंग पर निकले थे। मुखबिरी सूचना पर अचकवापुर गांव मे रामपाल यादव के घर के सामने पुलिस ने एक डीसीएम को कब्जे मे लिया। डीसीएम से सोलह गोवंश बरामद हुये। इधर पुलिस को अचानक डीसीएम के पास देख आरोपी फरार हो गये। पुलिस ने मामले मे कपिल पुत्र रामपाल, सर्वेश पुत्र श्रीराम तथा अनुज पुत्र राजेश निवासीगण अचकवापुर तथा डीसीएम के अज्ञात चालक के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम एवं कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। पुलिस ने बरामद गोवंशो को गोआश्रय भेजवाया। वहीं पुलिस ने बरामद डीसीएम को कब्जे मे लेकर सीज कर दिया।

# अवैध शराब की बिक्री एवं मिलावट पर की जाए छापेमारीः जिला निर्वाचन अधिकारी

## विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के सम्बन्ध में डीएम ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में निर्वाचन तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।

जनपद में एक फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। 27 को मतदान एवं 10 मार्च को मतगणना का कार्य सम्पन्न होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा बताया गया कि एक सितम्बर से चुनाव के दृष्टिगत प्रिवेन्टिव एक्शन के अन्तर्गत 107/16 में अब तक 38329 कार्यवाही की गयी है। उन्होने सभी सीओ एवं उपजिलाधिकारी से कहा कि कि 122बी के तहत चिन्हित लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये ताकि चुनाव में अराजक तत्वों को कड़ा सन्देश दिया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि चुनाव के दौरान शस्त्र समर्पण की थानावार समीक्षा की जाये तथा जांच कर अपराधियों के शस्त्र निलम्बन की सूचना भेजी जाये। इसी तरह अपनी विधानसभा में एसडीएम तथा सीओ संयुक्त रूप से भ्रमण कर वल्नरेबल क्रिटिकल मतदेय स्थलों को चिन्हित कर लें ताकि कानून व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा द्वारा बताया गया कि चुनाव के दृष्टिगत बाहर से आने वाले अर्द्धसैनिक बल, सिविल पुलिस एवं होमगार्ड के व्यवस्थापन हेतु 100 स्कूलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें बिजली, पानी तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तहसीलवार ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर लिया जाये जहां शौचालय मानक के अनुरूप नही है वहां नगरीय क्षेत्रों के उन विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग द्वारा की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सभी सीओ0, उपजिलाधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।



लोगों से मिलकर समस्या सुनते फूलचंद्र मिश्रा।

# बसपा सरकार से होगा सूबे का विकासः फूलचंद्र

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी विधानसभा क्षेत्र के मरियमपुर, इटहरा, महदहा और बरहूपुर गांव में पहुंचकर बहुजन समाज पार्टी के नेता और विधानसभा पट्टी के प्रत्याशी फूलचंद मिश्रा ने कहा कि लोगों को अब दूसरे दलों से सावधान रहने की जरूरत है। नफरत और संप्रदायिकता फैलाने वाली पार्टियां और जातिवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियों से हमें सावधान रहने की आवश्यकता है, जो आंखों में धूल झोंक कर हमारा शोषण करते हैं उन्होंने कहा कि जिस समय बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी अराजकता और गुंडागर्दी खत्म हो गई थी। आम जनमानस में अमन चैन कायम था लेकिन सत्ता संरक्षित अपराध को बढ़ावा देकर भाजपा और सपा ने समाज में हिंसा और नफरत फैलाने का काम किया।

# अवैध गांजा व तमंचा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में विधानसभा चुनाव 2022 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना फतनपुर से उ0नि0 अमित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के रोह खुर्दकला गौशाला के पास सड़क पुलिया से तीन को एक किलो 550 ग्राम अवैध गांजा, दो अदद तमन्चा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सुनील कुमार सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह नि0 नौडेरा बन्दी पट्टी थाना फतनपुर, दिलशाद पुत्र अमीन नि0 नौडेरा सुवंशा थाना फतनपुर व शाजिद पुत्र इसराइल नि0 नौडेरा, स्वरूपपुर थाना फतनपुर शामिल रहे।

### पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

उधर कंधई कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को प्रभावित करने व शांति व्यवस्था कायम रखने के मद्देनजर अभियुक्त गुलफाम अली पुत्र नासिर अली निवासी सरवरपुर थाना क्षेत्र कंधई को पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## उधारी का पैसा मांगने पर दबंगों ने चाट विक्रेता को पीटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के अमहरा गांव में उधारी का पैसा मांगने पर दबंगों ने चाट विक्रेता और उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। इस दौरान आरोप है कि आरोपितों ने चाट विक्रेता के पास रहे पांच हजार रुपए भी छीन लिए। मामले में पीड़ित ने दीवानगंज चैकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी राम लवट (53) गांव में ही तेरहमील, सरखेलपुर मार्ग पर चाट की दुकान खोल रखी है। आरोप है कि गुरुवार देर शाम लगभग सात बजे गांव का ही एक युवक अपने आधा दर्जन साथियों के साथ चाट की दुकान पर पहुंचा और उधार का चाट खिलाने को कहा। रामलवट ने जब उधार चाट देने से मना किया तो आरोपितों ने रामलवट के ऊपर लाठी डंडे से हमला बोल दिया, बचाने दौड़ी रामलवट की पत्नी गुड्डी देवी (51) को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस दौरान आरोप है कि आरोपितों ने रामलवट के पास रहे पांच हजार रुपए भी छीन लिया। दीवानगंज चैकी इंचार्ज अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अमहरा गांव में उधारी का पैसा मांगने पर चाट विक्रेता को मारा पीटा गया है। पैसा छीनने की बात निराधार है।

## चोरों ने उड़ाये लाखों की नकदी व जेवरात, केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के रानीगंज कैथौला चैकी के देल्हूपुर निवासी मनोज गौड़ पुत्र रामसुमेर ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती ग्यारह जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने उसके कमरे मे रखा सोने चांदी के जेवरात व एक लाख नकदी समेत कपड़े आदि चोरी कर ले गये। घटना के अगले दिन सुबह जब परिजनो को चोरी की जानकारी हुई तो वह आवाक रह गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

## लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना मे पीड़ित के घायल होने पर गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के कैथन का पुरवा समापुर निवासी श्रीराम वर्मा के पुत्र सुशील कुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो जनवरी को परसपुर मे एक ट्यूबवेल के समीप बाइक सवार चालक विनय कुमार पुत्र अशोक वर्मा खीरी समापुर ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पीड़ित को गंभीर चोटें आ गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये जाने मे प्रशासन व आयोग दे छूट : रुरल बार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को यहां तहसील परिसर मे रूरल बार एसोशिएसन की बैठक मे निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन से विधानसभा चुनाव के दौरान एहतियातन वकीलों के शस्त्र न जमा कराये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिस तरह से आये दिन अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं उसे देखते हुए वकीलों के लाइसेंसी शस्त्र निजी सुरक्षा की दृष्टि से जमा कराये जाने मे छूट मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा कि वकीलों के साथ जिले के कई हिस्से मे पत्रकारों पर भी हमलों की घटनाएं सामने आ रही है। ऐसे मे जिला प्रशासन को चुनाव मे अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों की निजी सुरक्षा पर भी विशेष अभियान चलाना चाहिये। श्री ज्ञानप्रकाश ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए बूथों पर अधिवक्ताओं को भी ब्राण्ड एंबेस्डर के रूप में प्रस्तुत करना चाहिये ताकि विधि के क्षेत्र मे मर्मज्ञ अधिवक्ताओं के द्वारा ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने के मिशन के प्रति भी कारगर भूमिका निभाने का अवसर मिल सकेगा। संचालन महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने किया। इस मौके पर संजय सिंह, अमरनाथ यादव, संतोष सिंह, विनोद शुक्ल, शिवप्रसाद यादव, पारसनाथ सरोज, इरफान, शिव नारायण शुक्ल, प्रभाकर पाल, प्रमोद मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, राम अभिलाष यादव, घनश्याम संवरिया, हरिश्चंद्र पाण्डेय, राजेश तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ल, लालता प्रसाद पाण्डेय, मनोज शुक्ल, रामकिंकर शुक्ल, संतोष पाण्डेय, हरेकृष्ण तिवारी, विभाकर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## भगवान गणेश की आराधना मे श्रद्धालुओं मे दिखा उत्साह

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गणेश चतुर्थी को लेकर शुक्रवार को श्रद्धालुओं मे उत्साह का माहौल दिखा। वहीं बाजारों मे भी दिन भर खरीद को लेकर रौनक देखी गयी। लोगों ने घरों मे व्रत व पूजन के जरिए भगवान् गणेश की स्तुति की। वहीं मंदिरो मे भी श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का पूजन अर्चन किया। बाबा घुइसरनाथ धाम समेत अंचल के मंदिरों मे श्रद्धालुओं का समागम दिखा।

## खबर संक्षेप

### मतदाता निर्वाचन हेल्प लाइन नं.1950-05331-232796 जारी

**कौशाम्बी।** जनपद के मतदाता विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में मतदान से सम्बन्धित जानकारी/ चुनाव से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या के निस्तारण हेतु जिला सम्पर्क केन्द्र में स्थापित मतदाता हेल्पलाइन नम्बर-1950 अथवा 05331-232796 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### विजिल एप के माध्यम से करे ऑनलाइन शिकायत

**कौशाम्बी।** भारत निवार्चन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर नागरिकों को सी विजिल एप के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत करने की सुविधा दी गई है, जिसमें नागरिकों द्वारा यदि कहीं पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन दिखता है, या पाया जाता है तो उसे सी विजिल एप की सुविधा के माध्यम से लाइव शिकायत कर सकतें हैं। यह शिकायत जिला कंट्रोल रूम में प्राप्त होगी और इस शिकायत को विधानसभा क्षेत्रवार लगाई गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम द्वारा शिकायती स्थान पर पहुंचकर निस्तारित की जाएगी तथा? शिकायत निस्तारित होने के बाद निस्तारित आख्या नागरिक को प्राप्त हो जायेगी।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त गोसुल पुत्र एनुलहक निवासी पुरमई थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर को 01 अदद नाजायज तमचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बत पुर पइसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अनील कुमार पुत्र वासुदेव सरोज निवासी घाटमपुर थाना मोहब्बत पुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त सीपतन पुत्र मुसाद अहमद निवासी पुरमई थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर को 01 अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग किया जाम

## लापता भाजपा नेता का नहीं लगा सुराग

### 40 घंटे पूर्व गायब भाजपा नेता के खोजने में पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर की गई नारेबाजी

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर निवासी राजीव मौर्य जिला पंचायत सदस्य पति का 40 घंटे बाद भी पुलिस सुराग नही लगा सकी है जिससे लोगों में आक्रोश कुमार पड़ा और आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी है सूचना पाकर मौके पर क्षेत्राधिकारी समेत कई थाने की फोर्स और उप जिला अधिकारी पहुंचे हैं आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर अधिकारियों ने जाम खुलवाया है धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पूर्व ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर ने किया है।

जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत सदस्य पूनम मौर्या के पति राजीव मौर्य 19 जनवरी की आधी रात से गायब हैं उनकी स्कार्पियो गाड़ी कोखराज थाना क्षेत्र के प्रयागराज ढाबा से क्षेत्रीय पुलिस ने बरामद की है सैनी कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज है कुछ साक्ष्यों के अनुसार जिला पंचायत सदस्य पति प्रयागराज ढाबा में गाड़ी खड़ी कर जनरथ एक्सप्रेस में चढ़ते दिखाई दिए हैं इसके बाद से पुलिस लकीर ही पीट रही है शुक्रवार सुबह राजीव मौर्य के हजारों समर्थकों और ग्रामीणों ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया जाम की सूचना से जिम्मेदार अधिकारियों की



आक्रोशित लोगों को समझाते क्षेत्राधिकारी

नींद टूटी और एसडीएम सिराथू विनय कुमार गुप्ता सीओ सिराथू योगेंद्र कृष्ण नारायण,कोतवाली सैनी,कोखराज पुलिस दल बल के साथ आनन फानन में मौके पर पहुँचकर आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया है इस दौरान लगभग 1 घंटा राष्ट्रीय राजमार्ग आवाजाही में बाधित रहा है धरना प्रदर्शन चक्का जाम के चलते हजारों गाड़ियों की लाइन जाम में लग गयी।

## कोविड-19 और आचार संहिता की उड़ी धज्जियां...

**कौशांबी।** निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव 2022 की अधिसूचना जारी कर दी है और अधिसूचना के दौरान धरना प्रदर्शन कार्यक्रम पर रोक लगा दी गई है लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पूर्व ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर जमकर नारेबाजी की है अपनी ही भाजपा सरकार से जिला पंचायत अध्यक्ष के पति का विश्वास उठ गया है और भीड़ ने योगी सरकार की सरकारी व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है मामूली बातों पर कोविड-19 का उल्लंघन और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानने वाले जिला और पुलिस प्रशासन नेताओं पर मुकदमा दर्ज कराते हैं जिला पंचायत अध्यक्ष पति के नेतृत्व में बिना अनुमति धरना प्रदर्शन कर सड़क जाम करने के मामले में कोविड-19 उल्लंघन और आचार संहिता के उल्लंघन पर क्या मुकदमा दर्ज होगा जनता इस बात का जवाब जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन से चाहती है।

# खबर पर जागे अधिकारियों की फटकार पर बंद हुआ स्कूल

**सरकार के छुट्टी की घोषणा के बाद भी शीतकालीन में बेखौफ तरीके से खोला जा रहा था विद्यालय**

**खबर का हुआ असर बच्चो के खिल उठे चेहरे खबर को संज्ञान लेते ही प्राचार्य ने कर दी छुट्टी**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** जनपद में ऐसा स्कूल भी था जिसने सरकार के शीतकालीन छुट्टी के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अपने स्कूल को नही बन्द कर रखा था जिसके वजह से बच्चो सहित अभिभावकों में भी इस रूह कपा देने वाली ठंड में सुबह सुबह बच्चो को तैयार करके भेजना किसी भी थर्ड डिग्री की यातना से कम नही था जिसकी वजह से अभिभावकों में प्रबंध तंत्र के ऊपर जबरदस्त आक्रोश था वही स्कूल खोलने की जानकारी भरवारी संवाददाता अखंड भारत संदेश को होने पर अपनी कलम का इस्तेमाल कर खबर को प्रमुखतः से प्रकाशित किया था। जिसको प्राचार्य सेन्ट जोसफ स्कूल ने संज्ञान लेते हुए कॉलेज को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। कॉलेज बन्द की सूचना मिलते ही बच्चो सहित अभिभावको में खुशी की लहर दौड़ गई यहा यह भी बताना अति आवश्यक हैं कि समूचे उत्तर प्रदेश में प्रमुख सचिव का कॉलेज बन्द करने का 23 जनवरी तक फरमान जारी हुआ था जिसको सेन्ट जोसफ के प्राचार्य के ऊपर आदेश नही लागू होता था जिसको अखंड भारत संदेश के सम्बददाता ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके चलते कॉलेज बंद हुआ।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रिन्टिंग प्रेस के साथ की बैठक

## पैम्फलेट व पोस्टर आदि के मुद्रण प्रकाशन से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के सम्बन्ध में जनपद के समस्त प्रिन्टिंग प्रेस स्वामियों के साथ बैठक की। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रिन्टिंग प्रेस स्वामियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन पैम्फलेटों व पोस्टरों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127(क) के उपबन्धों द्वारा विनियमित किया गया है उन्होंने कहा कि अधिनियम, 1951 की धारा 127(क) में निहित प्राविधानों के अनुसार किसी भी निर्वाचन पैम्फलेट व पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते एवं मुद्रित संख्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना अनिवार्य होगा यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पैम्फलेट व पोस्टर आदि के मुद्रण प्रकाशन से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रिन्टिंग प्रेस धारा-127क (2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के 03 दिनो के अन्दर मुद्रित प्रतियों की 03-03 प्रतियॉ जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराना होगा एवं धारा-127(क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जायेगा के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी बैठक में सभी प्रिन्टिंग प्रेस स्वामियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस सम्बन्ध में निर्गत निर्देश पुस्तिका को दिया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलायी जायेगी शपथ

**कौशाम्बी।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 25 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर मतदाता दिवस से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त सरकारी अर्द्ध सरकारी कर्मचारी/मतदाताओं को-ह्लहम, भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेह्व की शपथ दिलायी जायेगी जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयध्यक्षों को अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों कर्मचारियों मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर पूर्वान्ह 11 बजे शपथ दिलाने के निर्देश दिये है।



सूर्य नमस्कार करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोग

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है सूर्य नमस्कार : रिचा पांडेय

**कौशाम्बी।** आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत कौशाम्बी द्वारा भरवारी नगर में ळश्र एजेंसी के वर्कर के साथ किया गया है इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत रिचा पांडेय ने कहा कि सूर्य नमस्कार हमारी हिंदू संस्कृति से जुड़ा हुआ है और सूर्य नमस्कार करने से मनुष्य का स्वास्थ्य बेहतर रहता है तमाम बीमारियां सबसे मनुष्य से खुद दूर हो जाती है उन्होंने कहा इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सूर्य नमस्कार करना चाहिए सूर्य नमस्कार के दौरान उन्होंने कहा कि 75 करोड़ लोगों को पूरे देश में सूर्य नमस्कार की शिक्षा दी जाएगी यह अभियान 21 जनवरी से 27 जनवरी तक निरंतर चलेगा वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि काशी प्रांत क्षेत्र में 75 हजार लोगों को सूर्य नमस्कार से जोड़ा जाएगा और कौशांबी में 300 परिवार को सूर्य नमस्कार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव पर सूर्य नमस्कार का उद्घाटन भरवारी में किया गया इस दौरान रिचा पाण्डेय अरबाज जी मुकुल जी एवं नरेश जी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### सफाई कर्मचारी की हुई मौत, ठंड लगने की जताई जा रही आशंका



**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू में सफाई के दौरान एक संविदा सफाई कर्मचारी की मौत हो गयी है जानकारी के अनुसार रमेश चंद्र उम्र 45 वर्ष पुत्र बाबूलाल निवासी सिंधिया थाना कोखराज नगर पंचायत सिराथू में सफाई कर्मचारी था शुक्रवार सुबह सफाई के दौरान उसने अपने साथियों से पेट दर्द की समस्या बताई नगर कर्मियों ने सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया जहां सफाई कर्मी की मौत हो गयी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं सूचना पर कोतवाली सैनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है नगर कर्मी ठंड लगने से मौत की आशंका जाहिर कर रहे हैं।

### शनिवार को डिप्टी सीएम का हो रहा आगमन

**प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कौशांबी में पहले आगमन पर शीतला माता का दर्शन कर पदाधिकारियों के साथ वह करेंगे बैठक**



**अझुवा कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी से सिराथू विधानसभा से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का शनिवार को जनपद कौशांबी में आगमन हो रहा है सिराथू हेलीपैड पर शनिवार की दोपहर 11:00 बजे उनका आगमन होगा सिराथू विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनने के बाद प्रथम आगमन पर सर्वप्रथम सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां शीतला माता जी का कड़ा धाम में वह दर्शन करेंगे उसके उपरांत जनपद एवं सिराथू विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं एवं जन प्रतिनिधियों के साथ वह बैठक करेंगे डिप्टी सीएम के आगमन की जानकारी मिलते ही पदाधिकारियों कार्यकताओं आम जनमानस में हर्षोल्लास है उनके आगमन पर स्वागत की जोरदार तैयारी की जा रही है

### इलाज के दौरान राम सजीवन मधुकर का निधन

**अंतिम समय में मंदिर निर्माण के लिए जमीन का दान देकर अच्छा काम कर गए राम सजीवन मधुकर**

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे के समाजसेवी व्यापारी राम सजीवन केशरवानी उर्फ मधुकर उम्र लगभग 80 वर्ष का लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है उनके निधन की खबर लगते ही भरवारी कस्बे में शोक व्याप्त है और लोगों ने उनके आत्मा की शांति के लिए प्रभु से कामना की है गोलोकवासी हो चुके श्रद्धेय राम सजीवन मधुकर को नगर वासियों ने सादर श्रद्धांजलि दी है अधिवक्ता राम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि राम सजीवन केसरवानी मधुकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।स्वर्गवासी होने से तीन माह पहले एन डी कॉलोनी स्थित प्लॉट से 24/34 फिट जमीन उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए दान कर दिया था।जिसमे सिद्ध विनायक गणेश भगवान का मंदिर निर्माण प्रस्तावित है।जिसके लिए हम एन डी कॉलोनी निवासी गण राम सजीवन केसरवानी मधुकर और उनके परिवार के सदैव आभारी रहेंगे राम सजीवन की आत्मा को परम पिता परमेश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दे,एवम उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थाना द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एव सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 154 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 02 वाहनों का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 02 व्यक्तियों से 400 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

# कोविड-19 के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की बनेगी सूची

## कोविड सम्वेदीकरण एवं हाउस टू हाउस सर्वे अभियान 24 जनवरी से 29 जनवरी 2022 तक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में कोविड सम्वेदीकरण एवं हाउस टू हाउस सर्वे अभियान के सम्बन्ध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि कोविड सम्वेदीकरण एवं हाउस टू हाउस सर्वे अभियान दिनांक 24 जनवरी 2022 से 29 जनवरी 2022 तक संचालित किया जायेगा। उन्होने कहा कि टीम द्वारा घर-घर जाकर कोविड-19 के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची बनायी जायेगी तथा आवश्यकतानुसार मेडिकल किट वितरित की जायेगी। कोविड-19 टीकाकरण में छूटे हुए लोगें की सूची बनाकर टीकाकरण कराया जायेगा। उन्होने बातया कि इस अभियान में आमजन को कोविड-19 संक्रमण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी जायेगी तथा आमजन से खॉसी, जुकाम, बुखार एंव सांस लेने में परेशानी होने की जानकारी प्राप्त की जायेगी एवं लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जायेगा।

सीडीओ ने कहा कि सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाय तथा माइक्रो प्लॉन तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होने तहसील एंव ब्लॉक स्तरीय कमेटियों को बैठक करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने विशेष अभियान के तहत जनपद के नगर निकायों एवं ग्रामों में विशेष सफाई अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिये।

## न्यायालय में दो कर्मी पाए गए कोविड-19 संक्रमित

### 48 घण्टे की अवधि तक बन्द किया गया न्यायालय

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायालय में तृतीय श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत ज्ञानेन्द्र निवासी प्रयागराज एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हेमन्त निवासी मंझनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर की स्वास्थ्य टीम द्वारा एन्टीजन जॉच में कोविड-19 संक्रमित पाये गये है। शासन के निर्देशानुसार कार्यस्थल को विसंक्रमित करने के 48 घण्टे के बाद उक्त स्थल पर फिर से कार्य शुरू किया जा सकता है। तथा आईसीएमआर प्रोटोकाल के अनुसार न्यायालय परिसर को सेनेटाइजेशन के लिए 48 घण्टे की अवधि तक बन्द किया जाना आवश्यक है। अतः जनपद न्यायालय के सम्पूर्ण परिसर, न्यायालय कार्यालय तथा सम्पूर्ण अधिवक्ता शेड को सेनेटाइजेशन कराना आवश्यक हो गया है 21 एवं 22 जनवरी को सेनेटाइजेशन हेतु (48 घण्टे) जनपद न्यायालय बन्द रहेगा तथा आईसीएमआर के प्रोटोकाल के अनुसार सम्बन्धित संक्रमित कर्मचारीगण को 07 दिनों के लिए होम आइसोलेशन में रहने के निर्देश दिये गये हैं। समस्त न्यायालयों के पेशकार द्वारा 21 एवं 22 जनवरी को नियत वादों में सामान्य तिथि अग्रसारित की जायेगी। न्यायालय परिसर में समस्त न्यायालय कार्यालय विश्राम कक्ष आशुलिपिक कक्ष एवं अधिवक्तागण के बैठने के स्थान अधिवक्ता शेड का मानक के अनुसार सेनेटाइजेशन कराया जायेगा।

# जीवन भर किसानों के लिए करूंगा काम : सुशील जयहिंद





जनसंपर्क करते समर्थ किसान पार्टी प्रत्याशी अधिवक्ता सुशील जय हिंद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के उम्मीदवार व जय जवान जय किसान मंच के संयोजक सुशील जय हिंद ने शुक्रवार को चौराडीह और चायल में जनसंपर्क किया चायल तहसील के अधिवक्ताओं से उन्होंने समर्थन मांगा कि आप मेरा साथ दें मैं जीवन भर किसानों के लिए आवाज उठाऊंगा उन्होंने कहा कि किसानों मजदूरों तथा नौजवानों को अधिकार दिलाने के लिए संकल्प लेता हूं उन्होंने कहा कि आज हर गांव के किसानों की समस्याएं तहसील स्तर की है धीमी न्याय व्यवस्था की वजह से समय से उनको न्याय नहीं मिल पा रहा है जिस पर हम सब लोगों को सोचना होगा उन्होंने कहा कि बेरोजगार नौजवानों के बारे में सरकार ध्यान नहीं दे रही हैं युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है हम सब लोगों को मिलकर आवाज उठानी चाहिए बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता होती है मगर सरकार फर्जी विकास का ढिंढोरा पीट रही है सुशील जय हिंद के साथ आज उनकी टीम के अशोक पाल सुरेंद्र पासी विपिन पटेल संजय यादव वीरेंद्र चौरसिया अनिल पांडेय शारदा प्रसाद मिश्रा अजीत सिंह शरद चंद्र राय हर्ष त्रिपाठी विवेक कुमार तेजवीर चौहान अनुभव केसरवानी राहुल गुप्ता तथा अन्य साथियों ने कोविड-19 का ध्यान रखते हुए जनसंपर्क किया और समर्थ किसान पार्टी चायल के उम्मीदवार सुशील जय हिंद को वोट देने और सपोर्ट करने की अपील की।

# शिकायत से बौखलाए थानेदार पीड़ितों से करते हैं गाली गलौज

**अनुशासनहीन थानाध्यक्ष के ऊपर लागू नहीं होता उच्च अधिकारियों का आदेश यूपी पुलिस का गालीबाज कोतवाल वर्दी को कर रहा कलंकित**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बढ़ते अपराध पर अंकुश बिहीन थानेदार की शिकायत जब पीड़ितों ने आला अधिकारियों से की तो थानेदार बौखला गए हैं और अब वह पीड़ित परिजनों के साथ आए दिन गाली गलौज अभद्रता कर रहे हैं जिससे पुलिस की वर्दी शर्मसार हो रही है फरियादियों से गाली गलौज करने वाले थानेदार पर आला अधिकारी भी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जिससे आम जनता का विश्वास सरकार की व्यवस्था से उठ रहा है उच्चाधिकारियों ने पीड़ित फरियादियों को न्याय दिलाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सराय अकिल थाना की कमान इंस्पेक्टर अनुपम शर्मा के हांथ सौंपी है। लेकिन अनुपम शर्मा इसके विपरित कार्य कर रहे हैं। अनुपम शर्मा की कार्यशैली के प्रति पीड़ित फरियादियों ने उंगली उठाना शुरू कर दिए हैं पीड़ित फरियादियों ने इंस्पेक्टर अनुपम शर्मा के ऊपर विपक्षियों से मिलकर जमीन कब्जा कराने दर्जनों आरोप लगाए हैं वहीं थाना परिसर से फरियादी महिला को अपमानित कर थाने से भगाने के मामले में भी उक्त थानेदार की कार्यशैली चर्चा में है जिसकी जांच संबंधित अधिकारी को सौंपी गई है। अनुपम शर्मा के हांथ सराय अकिल थाना का चार्ज मिलते ही सराय अकिल थाना क्षेत्र की आमजनता इनके कारनामे से पूरी तरह भयभीत हो उठी है। सराय अकिल थाना में शिकायत लेकर पीड़ित फरियादियों का जाना मुहाल हो गया है। जैसे - तैसे हिम्मत जुटाकर पीड़ित फरियादी सराय अकिल थाना परिसर में प्रवेश करते हैं। पीड़ित फरियादियों की शिकायत सुनकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के बजाए पीड़ित फरीयादियों की शिकायत सुनकर इंस्पेक्टर अनुपम शर्मा अपना मानसिक संतुलन खो बैठते हैं और पीड़ित फरियादियों से अनपढ़ गंवार की तरह गाली गलौज अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर पीड़ित फरियादी को थाना परिसर से भगा देते हैं। इंस्पेक्टर अनुपम शर्मा के भगाने पर भी यदि पीड़ित फरियादी थाना परिसर में मौजूद रहा तो उसके खिलाफ झूठा मुकदमा लिखकर जेल भेजने की धमकी भी देते हैं। एक सप्ताह पहले बैरगांव आमद करारी की महिला बिंदों देवी पत्नी रोशन लाल पड़ोसी से झगड़ा होने के बाद शिकायत लेकर सराय अकिल थाना गई थी जहां पर अनुपम शर्मा ने महिला से अभद्रता कर थाना परिसर से भगा दिया, जिसकी शिकायत क्षेत्राधिकारी चायल कार्यालय में की गई जिसकी जांच अभी चल रही है। अनुपम शर्मा के हांथ सराय अकिल थाना की कमान मिलते ही क्षेत्र में संगठित अपराध एवं अपराधियों की बेतहासा बढ़ोत्तरी देखने व सुनने को मिल रही है। सराय अकिल इंस्पेक्टर के कारनामे को आलाधिकारियों को संज्ञान लेकर सराय अकिल थानाध्यक्ष की कार्यशैली पर अंकुश लगाना होगा। यदि समय रहते आलाधिकारियों ने सराय अकिल थानाध्यक्ष की कार्यशैली पर अंकुश नहीं लगाया तो आम जनता का विश्वास कानून व्यवस्था से उठना तय माना जा रहा है।

## एक सप्ताह के बीच गौ संरक्षण से केंद्र से गायब हो गया सैकड़ों गोवंश

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड के बरियावा ग्राम पंचायत स्थित गौ संरक्षण केंद्र में एक सप्ताह के बीच सैकड़ों गोवंश रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं कप कपाती ठंड में गोवंश की मौत हो गई है या फिर जिम्मेदारों ने गौ संरक्षण केंद्र से गोवंश को बेच लिया है यह बड़ी जांच का विषय है। बताया जाता है कि बरियावा गौ संरक्षण केंद्र में 300 से अधिक गोवंश मौजूद थे जिनका चारा पानी भी प्रत्येक महीने खजाने से निकाला जाता था ग्रामीणों की मानें तो वर्तमान में इस गौ संरक्षण केंद्र में 200 के लगभग गोवंश से बचे हैं आखिर अचानक गौ संरक्षण केंद्र से बड़ी संख्या में गोवंश कहां गायब हो गए हैं इस बारे में जिम्मेदार मुँह खोलने को तैयार नहीं है और ग्रामीणों की मानें तो देखरेख के अभाव में ठंड के चलते बड़ी संख्या में गोवंश की मौत हो गई है जिन्हें गुपचुप तरीके से दफन कर दिया गया है गौ संरक्षण केंद्र बरियावा में व्याप्त अव्यवस्था और गोवंश के साथ राक्षस जैसा व्यवहार करने वाले संचालकों के कारनामों की जांच कराए जाने की जरूरत है। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा मामला उनके संज्ञान में नहीं है लेकिन मामले की जांच कराई जाएगी और यदि गोवंश गायब हुए हैं तो दोषियों को दंडित किया जाएगा।

# जल बचाओ कल बचाओ का नारा लेकर संस्था कर रही लोगों को जागरुक

**जल संरक्षण को लेकर नेवादा ब्लाक के कई गावो मे जल बचाओ, कल बचाओ नारा लेखन कर स्वय सेवको ने लोगो को किया जागरूक**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जल बचाओ कल बचाओ कार्यक्रम योजना के अंतर्गत संस्था के लोग गांव गांव आम जनता को जागरूक कर रहे हैं। संस्था के लोगों का कहना है कि जल के बिना जीवन शून्य हैं इसलिए जल बचाना आवश्यक है।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान मे नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा समन्वयक शमीम बेगम के दिशा निर्देश मे विकास खंड नेवादा मे कैच द रैन कार्यक्रम के अंतर्गत नारा लेखन कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को जागरूक किया गया। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जल बचाओ कल बचाओ कार्यक्रम नेवादा विकास खण्ड के कई गावों मे सम्पन्न हुआ। विकास खंड नेवादा के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकास मिश्रा ने बताया कि विभिन्न स्थलो पर जल संरक्षण को लेकर कैच द रैन थीम पर कार्यक्रम कराये जा रहे है जिसमे से लोगो को नारा लेखन के माध्यम से विस्तार से बताया जा रहा है कि पानी की रक्षा देश की सुरक्षा जल संरक्षण व प्रबंधन को लेकर गावों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए है। कार्यक्रम मे युवाओ को पानी बचाने के लिये जागरूक किया गया।





जल बचाओ अभियान का कार्यक्रम करते संस्था के लोग

संपादक की कलम से

# चुनाव में पक्ष - विपक्ष के बीच बेहतर टक्कर

**देश में** पंजाब, मणिपुर, गोवा, उतराखंड एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव 7 चरणों में होने की घोशणा हो चुकी है। जहां उत्तर प्रदेश की कुल 403 विधान सभा सीटों पर 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी,२ 27 फरवरी , 3 मार्च एवं 7 मार्च को तथा मणिपुर राज्य की 60 सीटों के लिये 27 फरवरी , 3 मार्च को , उतराखंड की 70, पंजाब की 117 एवं गोवा की 40 सीटों के लिये 14 फरवरी को चुनाव होने की प्रक्रिया चुनाव आयोग ने शुरू कर दी है। 10 मार्च को इन राज्यों के चुनाव परिणाम भी आने की घोशणा चुनाव आयोग ने की है। इसी के साथ इन राज्यों में राजनीतिक दलों की राजनीतिक गतिविधियां गति पकड़ने लगी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कोविड काल को देखते हुये चुनाव रैली, पद यात्रा, रथ यात्रा, साइकिल यात्रा, सड़क,नुक्कड़ आदि पर रैली आयोजन करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने एवं चुनाव उपरान्त विजय जुलूस पर पाबंदी लगा दी है। इसपर समीक्षा किये जाने की बात करते हुये हर एक से चुनाव दौरान कोरोना गाइड पालना के साथ डिजिटल चुनाव प्रचार करने की सलाह दी।

पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव की तिथि चुनाव आयोग द्वारा घोशित होते ही देश के सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो चले है। चुनाव पूर्व आया राम गया राम की भी राजनीति शुरू हो गई है। इस चुनाव में आप पार्टी विशेष रूप से गोवा, पंजाब, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य के चुनाव में अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में ज्यादा सक्रिय दिखाई दे रही है जो सत्ता बनाने की भूमिका में कहीं न कहीं विशेष रूप से पंजाब एवं उत्तराखंड राज्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती है। इन पांच राज्यों में से वर्तमान में पंजाब में कांग्रेस एवं शेष चार राज्यों में भाजपा का वर्चस्व कायम है पर इस चुनाव में सत्ता परिवर्तन होने की संभावनाएं नजर आ रही है।

# मिग विमानों को ढोते रहना क्यों है वायुसेना की मजबूरी?

-योगेश कुमार गोयल-

**कुछ ही** दिनों पहले राजस्थान के जैसलमेर जिले में सुदासरी नेशनल डेजर्ट पार्क के पास वायुसेना का एक लड़ाकू विमान 'मिग-21' गिर गया था, जिसमें पायलट विंग कमांडर हर्षित सिन्हा की मौत हो गई थी।

दरअसल पायलट हर्षित सिन्हा ने अभ्यास के लिए उड़ान भरी ही थी कि तकनीकी खराबी के कारण हुई मिग विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हालांकि वायुसेना द्वारा इस मिग हादसे के मामले की जांच की जा रही है लेकिन चिंता की बात यही है कि मिग-21 के साथ हुआ यह हादसा कोई पहला हादसा नहीं है बल्कि एक के बाद लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे पहले 25 अगस्त 2021 को भी प्रशिक्षण उड़ान के दौरान राजस्थान के बाड़मेर जिले के भूरटिया गांव में एक मिग-21 एक झोपड़ी पर जा गिरा था। विमान तो जल गया था लेकिन गनीमत थी कि पायलट बच गया था। 20 मई 2021 को भी पंजाब के मोगा जिले के लंगियाना खुर्द गांव के पास एक मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त हुआ था लेकिन उस हादसे में उस मिग को उड़ा रहे स्क्वॉड्रन लीडर अभिनव चौधरी की मौत हो गई थी। वर्ष 2021 में दो और मिग-21 भी दुर्घटनाग्रस्त हुए थे, जिनमें एक पायलट बच गया था लेकिन दूसरे की मौत हो गई थी।




विडम्बना यह है कि पिछले विगत पांच दशकों में पांच सौ से भी ज्यादा मिग विमान हादसों के शिकार हो चुके हैं और इन दर्दनाक हादसों में हम अपने दो सौ से भी ज्यादा जांबाज पायलटों को खो चुके हैं। लगातार बढ़ रहे मिग हादसों को लेकर करीब ढाई-तीन साल पहले तत्कालीन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने इन विमानों के बारे में कहा था कि हमारी वायुसेना जितने पुराने मिग विमानों को उड़ा रही है, उतनी पुरानी तो कोई कार भी नहीं चलाता। उन्होंने कहा था कि भारतीय वायुसेना की स्थिति बिना लड़ाकू विमानों के बिल्कुल वैसी ही है, जैसे बिना फोर्स की हवा। उनके मुताबिक मिग विमानों को बनाने वाला देश रूस भी अब इनका इस्तेमाल नहीं करता। मिग-21 विमान लगातार गिर रहे हैं और वायुसेना इन हादसों की लगातार कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी कराती रही है। ऐसे में लगातार यह सवाल उठता रहा है कि फिर वायुसेना इन्हें ढो क्यों रही है?

बता दें कि वायुसेना को 1964 में पहला सुपरसोनिक मिग-21 विमान मिला था। भारत ने रूस से 872 मिग विमान खरीदे थे। इन विमानों ने 1971 के युद्ध और करगिल की लड़ाई सहित कई विपरीत परिस्थितियों में अपना लोहा मनवाया। बहुत पुराना होने के बावजूद फरवरी 2019 में पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को गिराकर इसने अपनी सफलता की कहानियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। भारतीय वायुसेना के पास इस समय मिग-21 के अलावा सौ से ज्यादा मिग-23, मिग-27, मिग-29 और 112 मिग बाइसन हैं। मिग बाइसन में एक बड़ा सर्च एंड ट्रैक रेडार लगा है, जिससे गाइडेड मिसाइल फायर होती है। अधिकतम 2230 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाले मिग विमान में दो हजार किलो तक गोला-बारूद ले जाया जा सकता है। यह केमिकल, क्लस्टर जैसे वॉरहेड भी प्रयोग कर सकता है और इसके कॉकपिट के बायीं ओर से 420 राउंड गोलियां बरसाने का भी इंतजाम है। मिग बाइसन अपग्रेड किए हुए मिग विमान हैं, इसलिए उनका इस्तेमाल जारी रहेगा। बाकी सभी मिग विमानों को चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से बाहर किया जाना है।

रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो मिग विमान 1960 और 70 के दशक की तकनीक से बने थे। सही मायनों में मिग विमानों को 1990 के दशक में ही सैन्य उपयोग से बाहर कर दिया जाना चाहिए था, क्योंकि इनकी उम्र दो दशक से ज्यादा समय पहले ही पूरी हो चुकी है। इनकी इतनी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं कि अब इन्हें 'हवा में उड़ने वाला ताबूत' भी कहा जाता है। मिग का न तो इंजन विश्वसनीय रहा और न इनसे सटीक निशाना लग पाता है लेकिन फिर भी हम इन्हें अपग्रेड कर इनकी उम्र बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं और तमाम ऐसी कोशिशों के बावजूद इनकी कार्यप्रणाली धोखा देती रही है। ये चल इसलिए रहे हैं क्योंकि इनके पुर्जे भारत में बन जाते हैं और मरम्मत भी यहीं हो जाती है।

# जातीय नेतृत्व के कुचक्र में दलित

-प्रमोद भार्गव-

**राजनेता**ओं और दलों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और कथित दलित उत्थान की राजनीति को अपने राजनीतिक हितों का साधन और साध्य बना लेने से ज्यादा कुछ नहीं समझा। अतएव जो दलित एक समय मायावती की बसपा के सेवक थे, वे भाजपा और अब समाजवादी पार्टी के दर पर नतमस्तक हो रहे हैं।

इनमें ज्यादातर अति पिछड़े और दलित हैं। कमोबेश इसे ही स्वार्थपरक अवसरवादी राजनीति कहते हैं। साफ है, इनके लिए अंबेडकरवादी दर्शन का आदर्श स्व हित से आगे नहीं बढ़ पाया। मायावती ने भी अंबेडकर के जातिविहीन सामाजिक दर्शन को पूंजी और सामंती वैभव के भोग का पर्याय मान लिया। भविष्य में निर्मित होने वाली इन स्थितियों को शायद अंबेडकर ने 1956 में ही भांप लिया था। गोया, उन्होंने आगरा में भावुक होते हुए कहा था कि 'उन्हें सबसे ज्यादा उम्मीद दलितों में पढ़े-लिखे बौद्धिक वर्ग से थी कि वे समाज को दिशा देंगे लेकिन इस तबके ने हताश ही किया है।'

दरअसल अंबेडकर का अंतिम लक्ष्य जाति विहीन समाज की स्थापना थी। जाति टूटती तो स्वाभाविक रूप से समरसता व्याप्त होने लग जाती। लेकिन देश की राजनीति का यह दुर्भाग्यपूर्ण पहलू रहा कि नेता सवर्ण रहे हों या अवर्ण जाति, वर्ग भेद को ही आजादी के समय से सत्तारूढ़ होने का मुख्य हथियार बनाते रहे हैं।

आज मायावती को सबसे ज्यादा किसी तात्विक मोह ने कमजोर किया है तो वह है, धन और सत्ता लोलुपता। जबकि अंबेडकर इन आकर्षणों से सर्वथा निर्लिप्त थे। भारत ऐसा भुक्तभोगी देश रहा है कि जब वह सोने की चिड़िया कहा जाता था, तब उसे मुगलों ने लूटा और फिर अंग्रेजों ने। अंग्रेजों ने तो भारत के सामंतों और जमींदारों को इतनी निर्ममता से लूटा कि इंग्लैंड के औद्योगिक विकास की नींव ही भारत की धन-संपदा के बूते रखी गई। यहां के किसान और शिल्पकारों से खेती और वस्तु निर्माण की तकनीकें हथियाईं।

भारत के भौगोलिक विस्तार की सीमाएं सिमट जाने का कारण भी पूंजी का निजीकरण और सामंतों की भोग-विलासी जीवन शैली रही है। दुर्भाग्य से स्वतंत्र भारत में भी प्रशासनिक व्यवस्था में यही दुर्गुण समाविष्ट होकर देश को दीमक की तरह चाट रहा है। दलित नेता व अधिकारी भी अधिकार संपन्न होने के बाद उन्हीं कमजोरियों की गिरफ्त में आते गए। इसीलिए अगड़े-पिछड़ों का खेल और दल-बदल की महिमा मतदाताओं के ध्रुवीकरण की कुटिल मंशा से आगे नहीं बढ़ पाई। यही वजह रही कि उत्तर-प्रदेश जैसे जटिल, धार्मिक व सामाजिक संरचना वाले राज्य में चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती आज चुनावी सरगर्मियों के बीच मौन व उदासीन हैं। यह उनकी राजनीतिक निष्क्रियता की घोषणा तो है ही, कालांतर में नेपथ्य में चले जाने का संकेत भी है। वरना, एक समय ऐसा भी था, जब इस दलित नेत्री से बसपा को अखिल भारतीय बना देने की उम्मीद की जा रही थी और दलितों में यह उम्मीद मायावती ने ही जगाई थी कि संगठन वह शक्ति है, जो प्रजा को राजा बना सकती है। बहुजन समाज पार्टी का वजूद खड़ा करने से पहले कांशीराम ने लंबे समय तक डीएस-4 के माध्यम से दलित हितों के लिए संघर्ष किया था। इसी डीएस-4 का सांगठनिक ढांचा स्थापित करते समय बसपा की बुनियाद पड़ी और समूचे हिंदी क्षेत्र में बसपा के विस्तार की प्रक्रिया आरंभ हुई। कांशीराम के वैचारिक दर्शन में दलित और वंचितों को करिश्माई अंदाज में लुभाने का चुंबकीय तेज था। फलस्वरूप बसपा एक मजबूत दलित संगठन के रूप में स्थापित हुई और उत्तर-प्रदेश में चार बार सरकार बनाई। अन्य प्रदेशों में बसपा के विधायक दल-बदल के खेल में भागीदार बनकर सरकार बनाने में सहायक बने। किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं होने पर समर्थन का टेका लगाने का काम भी किया। केंद्र में मायावती यही भूमिका अभिनीत करके राज्यसभा सांसद बनती रहीं। इन साधनों के साध्य के लिए मायावती ने सामाजिक अभियांत्रिकी (सोशल इंजीनियरिंग) जैसे बेमेल प्रयोगों का भी सहारा लिया। इन प्रयोगों का दायित्व किसी दलित को सौंपने की बजाय, सनातनी ब्राह्मण सतीष मिश्रा के सुपुर्द किए। मसलन सत्ता प्राप्ति के लिए जातीय समीकरण बिठाने में मायावती पीछे नहीं रहीं।

अंबेडकर ने जाति विहीन समाज की पुरजोर पैरवी की थी। लेकिन कर्मचारी राजनीति के माध्यम से जातिगत संगठन बसपा की पृष्ठभूमि तैयार करने वाले कांशीराम ने अंबेडकर के दर्शन को दरकिनार कर कहा कि 'अपनी-अपनी जातियों को मजबूत करो।' यह नारा न केवल बसपा के लिए प्रेरणास्त्रोत बना बल्कि मंडलवादी मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतीश कुमार ने भी इसे अपना-अपना, परचम फहराने के लिए सिद्ध मंत्र मान लिया। गोया, इन नेताओं ने अंबेडकर द्वारा स्थापित जाति तोड़ो आंदोलन को जाति सुरक्षा आंदोलन में बदल दिया। इसीलिए मंडल आयोग की पिछड़ी जातियों को आरक्षण की सिफारिशें मान लेने के बाद अब जातिगत जनगणना की बात पुरजोरी से उठाई जा रही है, जिससे संख्या बल के आधार पर जातिगत आरक्षण व्यवस्था सरकारी नौकरियों के साथ-साथ विधायिका में भी की जा सके। सतीश मिश्रा के बसपा में आगमन के बाद सामाजिक अभियांत्रिकी का बेमेल तड़के का सिलसिला तो शुरू हुआ ही, जिन लोगों को मायावती मनुवादी कहकर ललकारा करती थीं।

# जलवायु परिवर्तन समझौते व वर्तमान स्थिति

-कुलभूषण उपमन्यु-

**वैश्विक** स्तर पर जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए खतरों से दुनिया परिचित हो चुकी है। आज यह कोई वैज्ञानिक भविष्यवाणी मात्र न रह कर एक सचाई के रूप में विभिन्न प्राकृतिक दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ रही है। बाढ़, सूखा, समुद्री तूफान, अंधड़, बेमौसमी बर्फबारी, ग्लेशियर पिघलने के कारण आसन्न जल संकट जैसे कितने ही बदलाव दृष्टिगोचर हो रहे हैं। समुद्री तटों से लगते इलाके और देश बढ़ते समुद्र तल के कारण डूबने के खतरे में घिर सकते हैं। इन खतरों के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र संघ लगातार पहल कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन इस दिशा में आधारभूत सम्मेलन है। 1992 में इस सम्मेलन के निष्कर्षों पर 197 देशों ने हस्ताक्षर किए और 21 मार्च 1994 से इस समझौते को लागू माना गया। इस समझौते की मूल बात यह है कि इसके द्वारा यह माना गया कि जलवायु परिवर्तन एक समस्या है और इसके समाधान के लिए कुछ किया जाना चाहिए, जिसका मूल कारक हरित प्रभाव गैसें हैं जो वैश्विक तापमान वृद्धि का कारण हैं। और ये गैसें ऊर्जा उत्पादन के लिए मुख्यतः कोयला या खनिज तेल जलाने के कारण पैदा हो रही हैं और वातावरण में जमा हो रही हैं।



इसी वृद्धि से जलवायु परिवर्तन हो रहा है। इस समझौते द्वारा विभिन्न पक्षों से यह अपेक्षा की गई कि वे हरित-प्रभाव गैसों के मानव-जनित उत्सर्जन को इस सीमा के भीतर नियंत्रित करेंगे जिससे जलवायु तंत्र पर खतरनाक प्रभाव न पड़ें। इस लक्ष्य की घोषणा हो ताकि एक शुरूआत हो और आगे चल कर विस्तृत, विशिष्ट समझौते किए जा सकें। इसमें जलवायु के संदर्भ में सांझी किंतु जिम्मेदारियों के संदर्भ में अलग-अलग जिम्मेदारियों की संकल्पना की गई, जिसका अर्थ यह है कि विकासशील देशों से यह उम्मीद की जाती है कि वे जलवायु परिवर्तन रोकने में योगदान करेंगे, किंतु विकसित देश जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए पहलकदमी करेंगे क्योंकि ये देश ऐतिहासिक रूप से पहले ही बहुत ज्यादा हरित-प्रभाव गैसों का उत्सर्जन कर चुके हैं। विकासशील देशों में खासकर और वैश्विक स्तर पर आमतौर पर टिकाऊ आर्थिक विकास पर बल देने की बात की गई। इस दिशा में विकासशील देशों की उपलब्धि व प्रदर्शन को विकसित देशों द्वारा तकनीक हस्तांतरण और आर्थिक सहायता से जोड़ा गया। इस समझौते में सभी देशों द्वारा हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन की मात्रा की घोषणा करने और विकसित देशों द्वारा हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन को कम करने से संबंधित नीतियों की घोषणा करने की भी अपेक्षा की गई। इसके बाद लगातार सम्मेलन होते रहे जिन्हें संबंधित पक्ष सम्मेलन कहा गया। इन सम्मेलनों में क्योटो सम्मेलन पहला महत्त्वपूर्ण सम्मेलन है जहां क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर हुए। इस प्रोटोकॉल द्वारा पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन के आशयों को लागू करने के लिए नियम बनाए गए। रूस द्वारा मान्यता देने के बाद 2005 में इसे लागू माना गया, किंतु एक हरित गैसों के उत्सर्जक बड़े देश अमेरिका ने इस प्रोटोकॉल को मान्यता नहीं दी क्योंकि विकासशील देश होने के कारण पहले दर्जे के हरित गैस उत्सर्जक चीन और तीसरे दर्जे के उत्सर्जक भारत पर कोई नियंत्रण इस प्रोटोकॉल में नहीं सुझाए गए थे।

जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन में यह अपेक्षा की गई थी कि जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया को उस स्तर के भीतर रोकना होगा जिससे परिस्थिति तंत्र स्वयं को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल ढाल सके, और टिकाऊ विकास और कृषि उत्पादन पर घातक प्रभाव न पड़े।

# किस करवट बैठेगा सत्ता का ऊंट

-पी. के. खुराना-

**इ्पांच** राज्यों में विधानसभा के लिए जनप्रतिनिधियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा करनी शुरू कर दी है। फरवरी से मतदान शुरू हो जाएगा और मार्च में परिणाम भी आ जाएंगे। कोरोना के कारण शोर जरा कम है, पर सोशल मीडिया तथा ह्वाट्सऐप के माध्यम से लोगों तक पहुंचने की प्रक्रिया जारी है। यह चुनाव उस हाल में हो रहा है जब देश में विपक्ष अजब रूप से बिखरा हुआ है। ममता बनर्जी कांग्रेस को कोस रही हैं और कांग्रेस का पर्याय बनने की कोशिश में हैं, पर वे मात्र पश्चिम बंगाल तक सीमित हैं। बंगाली समाज से बाहर उनका कोई प्रभाव नहीं है, इसलिए उनसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे सत्तारूढ़ दल का विकल्प बन सकें। हालांकि यह भी सच है कि मोदी-शाह का मुकाबला करने में वे हमेशा पूरी आक्रामकता से अगुवाई करती रही हैं। इस मामले में केजरीवाल उनसे कुछ ज्यादा भाग्यशाली हैं।

एक, वे ममता से ही नहीं, देश भर में पहचाने जाने वाले शेष विपक्षी नेताओं से उम्र में काफी छोटे हैं। आज नहीं तो कल वे विपक्ष के बड़े नेता बन सकते हैं। केजरीवाल को यह भी लाभ मिला है कि उनकी पार्टी पंजाब में मजबूत है और धीरे-धीरे दूसरे कुछ प्रदेशों में अपने पांव फैला रही है। पहली बार चुनाव लड़ने के बावजूद बिल्कुल नौसिखिया उम्मीदवारों की टोली के साथ चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी सबसे बड़ा दल बनकर उभरी, वह भी तब जब केंद्र में मोदी की मजबूत सरकार है। चंडीगढ़ केंद्र प्रशासित शहर है और यहां भाजपा का तगड़ा नेटवर्क है। निगम चुनावों में भाजपा के कई दिग्गज धराशायी हुए हैं। केजरीवाल के कार्यकर्ता संघ की ही तरह जमीन पर काम कर रहे हैं और आम आदमी पार्टी दिल्ली माडल की शिक्षा और मोहल्ला क्लीनिक का सुनियोजित प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, केजरीवाल यह बताने में भी नहीं चूकते कि वे जनता को जो मुफ्त की रेवड़ियां बांट रहे हैं वह इसलिए संभव हो पा रहा है कि उन्होंने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है, बिचौलियों की भूमिका खत्म की है और इस तरह जो पैसा बच रहा है उसे वे जनकल्याण पर खर्च कर रहे हैं।

वे बड़े गर्व से कहते हैं कि मुफ्त की इन सारी सुविधाओं के बावजूद दिल्ली सरकार घाटे में नहीं है, तो यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस पूरे युद्ध में कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं देती। इस सबके बावजूद कांग्रेस की महत्ता बनी हुई है क्योंकि लोकसभा में विपक्ष के नेता का तमगा हासिल करने योग्य भी सीटें न ला पाने के बावजूद कांग्रेस अकेला राष्टीय राजनीतिक दल है जो लगभग सभी राज्यों में मौजूद है। यही नहीं, चुनाव में बेतरह मुंह की खाने के बावजूद बुरी से बुरी स्थिति में भी कांग्रेस को मिलने वाले वोटों का प्रतिशत बीस से नीचे नहीं गिरा है। बीस प्रतिशत वोटों की यह खूबी ही कांग्रेस की थाती है और यही कारण है कि भाजपा छोड़कर जाने वाले नेता आज भी सबसे पहले कांग्रेस की ओर ही भागते हैं।

# संक्रमण का आंकड़ा

-सिद्वार्थ शंकर-

**संक्रमण** के प्रसार की बढ़ती रफ्तार बता रही है कि हम बड़े खतरे की ओर बढ़ रहे हैं। पर अब ज्यादा बड़ा संकट यह खड़ा हो गया है कि कार्यस्थलों पर सामूहिक संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना व्यवहार के उपायों जैसे मास्क लगाने, सुरक्षित दूरी रखने और बार-बार हाथ धोने के अलावा सबसे ज्यादा जोर टीकाकरण पर रहा है। हालांकि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए टीकाकरण को अनिवार्य बनाया भी। लेकिन ऐसे कर्मचारी अभी कम नहीं हैं जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है। कई राज्यों में यह स्थिति काफी खराब है। इसलिए तीसरी लहर को देखते हुए सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे हर कर्मचारी के लिए टीकाकरण अनिवार्य करें, खासतौर से पुलिस बल और उनके परिवारों को। दफ्तरों में मास्क और सुरक्षित दूरी के पालन को लेकर सख्ती हो। कर्मचारियों की नियमित जांच हो। संक्रमितों के संपर्क में आने वालों का पता लगाया जाए। हालांकि यह कवायद तभी संभव और कारगर होगी, जब लोग भी इसे अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए टीकाकरण कार्यक्रम का एक साल पूरा हो चुका है। सरकार का दावा है कि इस एक साल में एक सौ सत्तावन करोड़ से ज्यादा टीके लगाए जा चुके हैं। जाहिर है, आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग गया है। आकंड़ों के हिसाब से देश की तिरानवे फीसद आबादी को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। करीब सत्तर फीसद लोगों को दोनों खुराकें लग चुकी है। इससे इतना तो सुनिश्चित हुआ कि लोगों को तात्कालिक तौर पर सुरक्षा कवच मिल गया और जान जोखिम में पड़ने से बची। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि महामारी से जंग में टीका निर्णायक साबित हुआ है। तीसरी लहर के दौरान यह बात सामने आई भी है कि इस बार मौतों के जितने मामले सामने आ रहे हैं, उनमें से अधिकतर वे लोग थे जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी। हालांकि ऐसे भी मामले आते रहे हैं कि टीकाकरण के बावजूद लोग नहीं बच सके। पर ऐसे मामलों की संख्या कम ही है और जांच में पता चला कि ऐसे मरीज किसी न किसी गंभीर बीमारी से पहले से ग्रस्त थे। पर इसमें तो कोई संदेह नहीं कि टीकाकरण ने करोड़ों लोगों को सुरक्षा के घेरे में ला दिया। भारत जैसे विशाल देश में सफल टीकाकरण कोई आसान काम भी नहीं है। इतनी बड़ी आबादी को जल्द से जल्द टीका लगाने के लिए जिस युद्धस्तर पर कवायद शुरू की गई, वह अपने में महाभियान ही है। सबसे पहले 16 जनवरी 2021 से स्वास्थ्यकर्मियों को टीका देने का काम शुरू हुआ था ।

# थूक, मजहब और भारत का समाज

-डॉ. मयंक चतुर्वेदी-

**देश के** सभी ओर से इन दिनों एक के बाद एक थूक लगी रोटियां, फल, सब्जी और भी बहुत कुछ जो भी आपके भोज्य पदार्थ के रूप में इस्तेमाल होता है, उसके संबंध में सोशल मीडिया पर लगातार वीडियो और फोटो आ रहे हैं।

इन्हें देखकर यह विचार सहज आता है कि भला हो आधुनिक तकनीकी वैज्ञानिकों का, जिन्होंने आज यह सुविधा तो मुहैया करा दी है कि दूर कोई आपके खिलाफ क्या षड्यंत्र कर रहा है, उनकी मानसिकता और हावभाव समझने के लिए उसके फोटो-वीडियो सही तरह से बना लो, अन्यथा पता नहीं सदियों से यह थूक वाला खेल देश में चल रहा है और बहुविध संस्कृति सम्पन्न भारतीय समाज रोजमर्रा के जीवन में अनजाने में इसका शिकार बना रहा।

वस्तुतः अभी हाल ही में लखनऊ के इमाम अली होटल में थूक वाली रोटी का वीडियो वायरल होने के बाद फिर से सभी का ध्यान इस मुद्दे पर गया है। वास्तव में यह विषय बहुत गंभीर है, इस पर न सिर्फ सरकारों को सख्त होने की जरूरत है, बल्कि इस्लाम सहित जितने भी धर्म, पंथ, मजहब, रिलिजन को मानने वाले हैं, उन सभी को भी एकजुट होकर आगे आने की आज आवश्यकता है। इस्लाम में कई फिरके हैं, जब इस बारे में किसी से बात करो तो वे यही कहते हैं कि यह हमारे लोग या जाति के नहीं, दूसरे फिरके या जाति वाले हैं, जो इस प्रकार का घृणास्पद कार्य कर रहे हैं। थूक से हम कोसों दूर हैं। यहां समझ नहीं आ रहा है कि सच क्या है और झूठ क्या? सामने से देखने और इस्लामिक अध्ययन से भी यही समझ आता है कि इस्लाम में थूक का विशेष महत्व है और यदि ऐसा नहीं है तो जो भी इस्लामिक स्कॉलर हैं, उन्हें तथ्यों के साथ अपनी बात भारत के बहुविध संस्कृति वाले समाज के साथ साझा करने में देरी नहीं करनी चाहिए। उनकी इस चुप्पी और देरी को देश का बहुविध समाज क्या समझे ? यह सोचनीय है। लखनऊ के इमाम अली होटल में थूक वाली रोटियों को बनाने वाले याकूब, दानिश, हाफिज और अनवर हों या इसी महीने की अन्य घटना जो मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र के आंबेडकर रोड स्थित लक्ष्मीनगर में घटी, जिसमें तंदूर पर एक युवक थूक लगाकर रोटी बना रहा था। इससे पहले गाजियाबाद में एक ढाबे पर रोटियों में थूक लगा कर बनाते हुए तमीजउद्दीन का वीडियो वायरल हुआ। मध्य प्रदेश के रायसेन से फल बिक्रेता शेरू मियाँ की इसी तरह की हरकतों का वीडियो सामने आ चुका है। हरियाणा के गुरुग्राम से खाने में थूकने का मामला सेक्टर 12 से आया। दिल्ली में भी थूक लगा तंदूरी रोटी और भोजन बनाने वालों की कोई कमी नहीं है, भजनपुरा निवासी मदीना ढाबा के संचालक मोहम्मद खालिक को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली में होटल चाँद में सबी अनवर और इब्राहिम भी ऐसी ही हरकतें करते हुए कैमरे में कैद हुए थे।

यहां विषय यह है कि आखिर इस तरह से अपने थूक को दूसरों को खिलाने की जरूरत क्यों है? उत्तर प्रदेश के मेरठ में थूक कर रोटी बनाए जाने की एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ है। पकड़े गए आरोपित नौशाद ने मीडिया और पुलिस के सामने यह स्वीकार किया कि वो पिछले 10-15 वर्षों से विभिन्न शादी समारोहों में रोटियों के जरिए अपना थूक दूसरों को खिला रहा था। कुछ लोगों में यह थूकने की मानसिकता कितनी गहरी बैठी है, वह इससे भी समझा जा सकता है कि मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब भी ऐसा करने से अपने को नहीं रोक पाए। बाल काटते समय महिला के बालों पर थूकने का उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसके बाद राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले को अपने संज्ञान में भी लिया।

# कोरोना संक्रमित हुए हरभजन सिंह, खुद को किया होम क्वारंटीन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर स्पिनर हरभजन सिंह कोरोना संक्रमित हो गए हैं। हरभजन ने खुद इसकी पुष्टि करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्होंने खुद को होम क्वारंटीन कर लिया है और सभी जरूरी सावधानियां बरत रहे हैं। हरभजन ने ट्विट किया, "मैंने हल्के लक्षणों के साथ कोविड के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है। मैंने खुद को होम क्वारंटीन कर लिया है और सभी आवश्यक सावधानी बरत रहा हूं। मैं उन लोगों से अनुरोध करूंगा जो मेरे संपर्क में



आए थे, वे जल्द से जल्द अपना परीक्षण करवाएं। कृपया सुरक्षित रहें और ध्यान रखें।" पिछले साल दिसंबर में, हरभजन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। 41 वर्षीय हरभजन ने भारत के लिए 103 टेस्ट, 236 एकदिवसीय और 28 टी-20 मैच खेले हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनके नाम 294 विकेट हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2015 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था, जबकि उनका आखिरी वनडे उसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था। भारत के लिए उनका आखिरी टी-20 मैच 2016 एशिया कप में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ था। उसके बाद से उन्हें भारतीय टीम के लिए नहीं चुना गया। हरभजन ने 103 टेस्ट में 32.46 की औसत से 417 विकेट लेकर संन्यास लिया। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य है। वह टेस्ट हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय भी हैं। कुल मिलाकर, जालंधर में जन्मे हरभजन ने 367 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उनके नाम 711 अंतरराष्ट्रीय विकेट और 3,569 अंतरराष्ट्रीय रन हैं।

# प्रिथुल ने की धुआंधार बल्लेबाजी, यार्कर ने क्रिकेट प्रमोशन को दी मात

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डिविजन में दो मैच खेले गये। पहले मैच में यार्कर क्रिकेट क्लब ने क्रिकेट प्रमोशन ग्रुप को सात विकेट से मात दी। वहीं दूसरा यूनिटी क्रिकेट एकेडमी एवं रुद्रांश क्रिकेट क्लब के बीच मैच बराबर पर टाई हो गया। सीएसडी सहारा मैदान में खेले गये 40 ओवर के मेच में यूनिटी ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाये। सर्वाधिक 28 रन का योगदान सैयद अकबर ने दिया। वहीं प्रणव ने 20 रन, इमरान ने 25 का योगदान दिया।

वहीं रुद्रांश की टीम भी 158 रन पर आल आउट हो गयी। सर्वाधिक 44 रन प्रखर मिश्रा ने बनाये। वहीं संदीप ने 39 रन का योगदान दिया। यूनिटी टीम के बालर



अमन जायसवाल ने सात विकेट चटकाये। एक ओवर में तीन विकेट लेकर हैट्रिक भी अपने नाम किया। दूसरे मैच में यार्कर ने टास जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। क्रिकेट प्रमोशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 194 रन बनाये। ओपनर प्रिथुल मेहता ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 104 बाल पर 112 रन बनाये। वहीं अभय यादव ने 31 रन का योगदान दिया। यार्कर की टीम ने मात्र तीन विकेट खोकर 198 रन बना लिए और मैच को सात विकेट से जीत लिया।

# मुंबई सिटी एफसी ने ब्राजील के फॉरवर्ड डिएगो मौरिसियो के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को ब्राजीली फॉरवर्ड 30 वर्षीय डिएगो मौरिसियो के साथ एक अल्पकालिक सौदे पर करार किया है। मौरिसियो 31 मई, 2022 तक टीम में बने रहेंगे।

मौरिसियो ने 2006 में ब्राजील में फ्लेमेंगो की प्रसिद्ध अकादमी के माध्यम से अपने फुटबॉल करियर की शुरूआत की, पहली टीम में जाने से पहले उन्होंने 2012 तक अकादमी के साथ खेला।

अगले कुछ वर्षों में, मौरिसियो ने ब्राजील (स्पोर्ट रेसिफ और रेड बुल ब्रैगंटिनो), रूस (एफसी स्पार्टक व्लादिकाव्काज), पुर्तगाल (विटोरिया एफसी), सऊदी अरब (अल कादिसियाह), चीन (कैंग्जहौ माइटी लायंस) और दक्षिण कोरिया (गैंगवॉन एफसी और बुसान आईपार्क) के क्लबों के साथ खेला। इसके बाद वह 2020 में ब्राजील लौटे और सेंट्रो स्पोर्टिवो अलागोनो के साथ करार किया।




मौरिसियो ने एक बयान में कहा, "मैं भारत वापस आकर खुश हूं और चैंपियन मुंबई सिटी के साथ जुड़कर खुश हूं। पिछले सीजन में आईएसएल में खेलने का मेरा अनुभव अच्छा रहा था, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भारत में बहुत कुछ हासिल करना है।"

उन्होंने कहा, "जब आप मुंबई जैसे बड़े कद के क्लब में शामिल होते हैं तो उम्मीदें अधिक होती हैं। मुझे पहले से ही पता है कि क्लब की महत्वाकांक्षा जीतना और आईएसएल खिताब की रक्षा करना है। मैं चुनौती के लिए तैयार हूं और मैं पिच पर आने का और इंतजार नहीं कर सकता।"

रियो डी जनेरियो में जन्मे मौरिसियो 2020/21 सीजन में इंडियन सुपर लीग की ओर से ओडिशा एफसी में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने 20 मैचों में 12 गोल किये और 2 में सहायता की। मौरिसियो कतरी सेकेंड डिवीजन साइड अल शाहनिया के साथ एक छोटे से कार्यकाल के बाद मुंबई में शामिल हुए। अल शाहनिया के लिए उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैच खेला और आठ गोल किये।

# समरसेट ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पीटर सिडल के साथ किया करार

**टॉनटन।** समरसेट काउंटी क्रिकेट क्लब (एससीसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पीटर सिडल के साथ करार किया है। 37 वर्षीय सिडल ने पिछले सीजन में नॉटिंघमशायर, लंकाशायर और एसेक्स के लिए 36 मैचों में 146 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं।

पीटर ने आठ बार पांच विकेट लेने सहित 200 से अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं। सिडल ने एक बयान में कहा, "खेल के भीतर समरसेट को बहुत सम्मान दिया जाता है, और क्लब के लिए खेलने का मौका पाने के लिए मैं वास्तव में उत्सुक हूं।

मैंने पिछले कुछ वर्षों में समरसेट के खिलाफ कुछ अच्छे मैच खेले हैं और अब मैं उनके लिए कुछ जीत में योगदान देने की उम्मीद



कर रहा हूं।"

उन्होंने कहा, "मुझे इंग्लैंड में खेलने में मजा आता है और मैं समरसेट के लिए कुछ ट्रॉफी जीतने में मदद करना पसंद करूंगा, खासकर उनकी पहली काउंटी चैंपियनशिप।"सिडन ने व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 23.60 की औसत से 89 टी-20 विकेट लिए । इसके अलावा, उनके नाम 31.51 के औसत से 86 लिस्ट ए विकेट हैं। वह अगस्त के अंत तक समरसेट से जुड़ेंगे और उस दौरान तीनों प्रारूपों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# श्रद्धा के दोहरे प्रदर्शन से डीएवी महिला क्रिकेट के सेमीफाइनल में

**अजमेर।** 34 वीं अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता महिला वर्ग में डीएवी कॉलेज की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। शुक्रवार को दयानंद महाविद्यालय के खेल मैदान पर सोफिया महाविद्यालय से दयानंद महाविद्यालय अजमेर की टीम का सेमीफाइनल मैच आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दयानंद महाविद्यालय के खेल मैदान पर एसएमएम गवर्नमेंट कॉलेज भीलवाड़ा व दयानंद महाविद्यालय के बीच मैंच आयोजित किया गया। मैच में टॉस जीते हुए दयानंद महाविद्यालय की



टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया दयानंद महाविद्यालय की टीम ने 17 ओवर में 195 रन बनाकर प्रतिद्वंदी टीम को लक्ष्य दिया। दयानंद महाविद्यालय की टीम ने यह लक्ष्य 3 विकेट के नुकसान पर प्राप्त किया जिसमें श्रद्धा ने 50 बॉल पर 10 चौके लगाकर 63 रन बनाए। राम नेरी ने 15 बॉल पर 17 रन का योगदान दिया।

# आईएसएल : जमशेदपुर के सामने घायल मुंबई की चुनौती

**गोवा।** हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की दो हैवीवेट टीमें जमशेदपुर एफसी और मुंबई सिटी एफसी शुक्रवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में जब आपस में भिड़ेंगी, तो रोमांच से भरपूर हाई-वोल्टेज फुटबॉल की गारंटी तय है। हैदराबाद के खिलाफ जमशेदपुर का मैच स्थगित हो गया था लेकिन यह टीम पिछले छह मैचों से अपराजित चल रही है। पिछले खेले अपने मैच में जमशेदपुर ने ईस्ट बंगाल को हराया था। कोच ओवेन कोयले की टीम 11 मैचों से 19 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। मुंबई के खिलाफ जीत उसको न केवल शीर्ष पर पहुंचाएगी बल्कि वो पिछली हार का हिसाब चुकता भी कर देगी। शीर्षस्थ केरला ब्लास्टर्स के 20 अंक हैं लेकिन एटीके मोहन बगान के खिलाफ उसका मैच आज शाम को नहीं खेला जाएगा, क्योंकि यह स्थगित हो गया है, लिहाजा जमशेदपुर के पास टॉप पर पहुंचने का सुनहरा अवसर होगा। दोनों टीमों के बीच सीजन के पहले चरण में खेले गए मुकाबले को मुंबई ने 4-2 से जीता, लेकिन जमशेदपुर ने पहले हाफ में 0-3 से पिछड़ने के बाद जबर्दस्त संघर्ष किया था। इस तरह जमशेदपुर के पास कल मुंबई से हिसाब चुकाने का अवसर होगा।

जमशेदपुर ने जनवरी के ट्रांसफर विंडो में स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्वु को ईस्ट बंगाल से हासिल करके अपनी अग्रिम पंक्ति को मजबूत दी है। चीमा ईस्ट बंगाल के लिए दस मैच खेलकर दो गोल कर चुके हैं। जमशेदपुर के लिए ईशान पंडिता सुपर-सब साबित हो रहे हैं, जिन्होंने रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के खिलाफ विजयी गोल दागा था। ये ईशान का हीरो आईएसएल में छठा गोल था और उन्होंने अपने सभी छह गोल स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरकर दागे हैं और ये सभी 80 मिनट के बाद आए हैं। वहीं, मुंबई की टीम पिछले कुछ समय से उथल-पुथल से गुजर रही है। वो पिछले पांच मैचों से जीत से दूर है और इस कारण शीर्ष से चौथे स्थान पर लुढ़क चुकी है।

# टी-20 विश्व कप 2022 : भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से

**दुबई।** अंतराराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2022 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में टूनामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी। टी-20 विश्व कप 2022 ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच आयोजित किया जाना है और यह सात स्थानों मेलबर्न, सिडनी, ब्रिस्बेन, एडिलेड, जिलॉन्ग, होबार्ट और पर्थ में खेला जाएगा। टूनामेंट में कुल 45 मैच खेले जाएंगे।

पहले दौर में, 2014 की चैंपियन श्रीलंका और नामीबिया रविवार 16 अक्टूबर को उद्घाटन मैच में आमने सामने होंगे। ये दोनों टीमें ग्रुप ए में दो क्वालीफायर टीमों के साथ हैं। दो बार की चैम्पियन




वेस्टइंडीज को ग्रुप बी में स्कॉटलैंड और दो क्वालीफायर टीमों के साथ रखा गया है।सुपर 12 में ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और ग्रुप ओ की विजेता और ग्रुप बी के रनर अप टीम शामिल है।ग्रुप 2 में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और ग्रुप बी की विजेता और ग्रुप ए की रनरअप टीम को रखा गया है। मेजबान और गत चैंपियन, ऑस्ट्रेलिया अपने पहले मैच में 22 अक्टूबर को एससीजी में न्यूजीलैंड से खेलेगा। अत्याधुनिक पर्थ स्टेडियम में रविवार, 30 अक्टूबर दक्षिण अफ्रीका शाम के मैच में भारत से भिड़ेगा। जबकि पाकिस्तानी टीम ग्रुप ए की उपविजेता का सामना करेगी। सेमीफाइनल एससीजी और एडिलेड ओवल में क्रमशः 9 और 10 नवंबर को खेले जाएंगे। फाइनल 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

# आर्सेनल को 2-0 हराकर लिवरपूल ईएफएल कप के फाइनल में

**लंदन।** पुर्तगाल के फारवर्ड डियोगो जोटा के दो गोलों की बदौलत लिवरपूल ने अपने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में आर्सेनल को 2-0 से हराकर ईएफएल कप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना 27 फरवरी को वेम्बली में चेल्सी के साथ होगा। इस मैच में लिवरपूल के प्रमुख स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह नहीं खेल रहे थे, हालांकि डियोगो ने उनकी कमी महसूस नहीं होने दी। सालाह अफ्रीकन कप में मिस्त्र की तरफ से खेल रहे हैं।

अमीरात स्टेडियम में गुरूवार रात खेले गए मुकाबले में डियोगो ने मैच के 19वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ की समाप्ती पर



लिवरपूल ने अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। हाफ टाइम के बाद मैच के 77वें मिनट में डियोगो ने एक और गोल लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

# लद्दाख ने जीती 9 वीं राष्ट्रीय महिला आइस हॉकी प्रतियोगिता

**कुल्लू।** नौवीं राष्ट्रीय महिला आइस हॉकी चैंपियनशिप 2022 वीरवार को आइस हॉकी रिंक काजा में सम्पन्न हुई। चैंपियनशिप विजेता केंद्रशासित प्रदेश लदाख की टीम रही। उप विजेता टीम चंडीगढ़ को सिल्वर मेडल मिला। दिल्ली की टीम को तीसरा स्थान हासिल हुआ, जिसे कांस्य पदक मिला। विजेता लदाख की टीम को एडीएम मोहन दत शर्मा ने स्वर्ण पदक प्रदान किया। विजेता टीम को आइस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया के महासचिव हरजिंद्र जींदी ने ट्राफी दी। आईटीबीपी 17 वीं बटालियन के कमाडेंट देवेंद्र कुमार ने उप विजेता चंडीगढ़ टीम को रजत मेडल दिया, जबकि ट्राफी महासचिव हरजिंद्र जींदी ने ही दी। आइस हॉकी एसोसियेशन आफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अभय डोगरा और महासचिव रजत मल्होत्रा ने तीसरा स्थान हासिल करने वाली दिल्ली की टीम को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में आइस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया के महासचिव हरजिंद्र सिंह जींदी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

# बैडमिंटन : अमेरिका की लारेन लैम को मात देकर पीवी सिंधु पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**लखनऊ।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में अपना विजय अभियान जारी रखा और अमेरिका की लॉरेन लैम को सीधे गेम में मात देकर अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित कर लिया।

चैम्पियशिप में तीसरे दिन आज महिला एकल में भारत की शीर्ष वरीय आकर्षी कश्यप ने भी जीत से क्वार्टर फाइनल में इंट्री कर ली। दूसरी ओर पुरष एकल में दिग्गज भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने भी तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत से अंतिम आठ में जगह बना ली।गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही चैम्पियनशिप में महिला एकल के अंतिम 16 के मुकाबले में टॉप सीड पीवी सिंधु ने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी को 33 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-16, 21-13 से



हराया। पहले गेम में दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शानदार कोर्ट कवरेज और उम्दा स्मैश व ड्राप शॉट का सहारा लिया। सिंधु ने 7-6 से बढ़त के बाद पिछड़ गयी लेकिन उन्होंने 9-10 के स्कोर पर वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधु ने अंक बटोरते हुए 21-16 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में भी सिंधु ब्रेक तक 11-6 से आगे रही और उम्दा खेल के सहारे 21-13 से जीत दर्ज की। इससे पहले पीवी सिंधु ने ने पहले दौर के मुकाबले में हमवतन तान्या हेमंत को 21-9, 21-9 से मात दी थी। सिंधु की अब क्वार्टर फाइनल में छठीं वरीय थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग से टक्कर होगी। पुरुष एकल में भारत की ओर से प्रबल दावेदार पांचवी वरीय एचएस प्रणय को 19 साल के प्रियांशु राजावत के खिलाफ जीत मे पसीना बहाना पड़ा। प्रणय ने एक घंटा चार मिनट चले तीन गेम के मुकाबले में 21-11, 16-21, 21-18 से मात दी। हालांकि प्रियांशु ने खासी तेजी दिखाई लेकिन पूर्व वर्ल्ड टॉप टेन में रहे प्रणय ने अपने अनुभव के सहारे जीत की बाजी अपने नाम कर ली। दूसरी ओर पुरुष एकल में भारत के चिराग सेन को हार मिली। उन्हें रूस के सर्जेई सिरांट ने 18-21, 22-20, 21-12 से मात दी। एचएस प्रणय की अब क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के अर्नाड मर्केल से टक्कर होगी जिन्होंने भारत के गुलशन कुमार कार्तिकेय को 21-8, 21-12 से हराया। महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडिया ओपन में साइना नेहवाल को मात देने वाली मालविका भनसोड ने हमवतन प्रेरणा नल्लूरी को 21-10, 21-8 से हराया। आकर्षी कश्यप ने साई उत्तेजिता राव को 21-9, 21-6 से मात दी। क्वार्टर फाइनल में अब आकर्षी की मालविका से टक्कर होगी।इसी के साथ बुल्गारियन ओपन की चैम्पियन सामिया इमाद फारूकी ने हमवतन कनिका कंवल को 21-6, 21-15 से हराया। एक अन्य मैच में भारत की अनुपमा उपाध्याय ने स्मित तोशनीवाल को 21-12, 21-19 से हराया।

# तालिबान लड़ाके देखते होंगे मेरी फिल्में, अफगानिस्तान की एकमात्र पॉर्न स्टार ने खोले राज

यासमीना अली यह नाम अगर आप गूगल पर सर्च करेंगे तो आपको पता चल जाएगा की यह एकमात्र अफगानिस्तान की पॉर्न स्टार है जिसे तालिबानियों से कोई खौफ और डर नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यासमीना का मानना है कि, तालिबानियों को उनके काम के बारे में पूरी खबरो होगी कि वह क्या करती है और कहां रहती है। इसके साथ ही तालिबान के कट्टर लड़ाके यासमीना की फिल्में भी देखते होंगे। जानकारी के लिए बता दें कि, यासमीना बचपन में ही अफगानिस्तान से ब्रिटेन आ गई थी। तब से अभी तक यासमीना ब्रिटेन में ही रहती है। लेकिन यासमीना ने अपने मुल्क की क्रूरता को कभी नहीं भुलाया है। साल 1990 में जब तालिबान ने काबुल पर विजय हासिल की तो यासमीना ने अपनी आखों से अपने मुल्की की महिलाओं के साथ क्रूरता होते देखा है।

**लेडी अलकायदा के नाम से है मशहूर अफगानिस्तान की एकमात्र पोर्न स्टार**

डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यासमीना अली अफगानिस्तान की एकमात्र पॉर्न स्टार है और उन्होंने एडल्ट इंडस्ट्री में कदम रखते ही अपना मजहब छोड़ दिया था और नास्तिक बन गई थी। तालिबान यासमीना को पॉर्न हब और ओनलीफैन्स जैसी वेबसाइटों से बहुत आसानी से नजर रख सकता है। आई हेट पोर्न' पॉडकास्ट पर बोलते हुए यासमीना ने बताया कि, तालिबान नहीं चाहता कि उसका देश एक पॉर्न के लिए जाना जाए। तालिबान के मुताबिक, महिलाओं के जिस्म पर केवल उनका अधिकार है और अगर यासमीना अपनी जिस्म दिखाती है वह सच्ची अफगानी नहीं है। पॉर्न स्टार का कहना है कि, उन्हें हर दिन ऐसे



मैसेज मिलते है जिसमें उन्हें अंडरकवर कहा जाता है। यासमीना ने कहा कि, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता की तालिबान उनके बारे में क्या सोचता है। वह एक अफगान की लड़की है और वहीं उनकी पहचान है। पॉर्न स्टार ने कहा कि, शायद तालिबानी मेरे फिल्में भी देखते होंगे और यासमीना को यकीन है कि, सभी तालिबानी अच्छे से उन्हें पहचानते होंगे। आप बस गूगल पर अफगान पोर्न लिखे और मेरा नाम सामने आ जाएगा।

**तालिबान के लिए बलात्कार शब्द कुछ नहीं**

पोर्न स्टार यासमीना ने तालिबान क्रूरता के अनुभव के बारे में बताते हुए कहा कि तालिबान महिलाओं को एक वस्तु की तरह ही समझते है और उनके लिए औरतों की भावनाएं, इच्छाएं कोई मायने नहीं रखती है। अपनी मां की एक बात को याद करते हुए यासमीना ने कहा था कि, तालिबान के लिए बलात्कार शब्द कुछ भी नहीं है। वह जिसके साथ जब चाहे कुछ भी कर सकते हैं।

अपने बचपन को लेकर यासमीना ने कहा कि, लोगों को धार्मिक न होने और औरतें अगर ठीक से पोशाक न पहने तो पीटा जाता था। महिलाओं के साथ पुरूष भी तालिबान के क्रूरता से नहीं बचे है। ब्रिटेनक्षित महसूस नहीं करते तो यहां पुलिस आपकी तुरंत मदद करने को आगे आती है लेकिन अफगानिस्तान में आप किससे अपनी सुरक्षा की मदद मांगेगे। 9 साल की उम्र में अफगानिस्तान छोड़ ब्रिटने में ही यासमीना ने अपनी पढ़ाई पूरी की है। वह बताती है कि आज भी अफगानिस्तान में महिलाओं की मासिक धर्म को अपवित्र और गंदा माना जाता है।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने चीनी राष्ट्रपति को लेकर कह दी ये बड़ी बात, जानें पूरा मामला

चीन और पाकिस्तान की दोस्ती किसी से छिपी हुई नहीं है। वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (उढएउ) में निवेश भी कर रहा है। लेकिन पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने चीनी राष्ट्रपति को लेकर एक बयान दिया है। वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आलोचना करते हुए कैमरे में कैद हुए हैं। दरअसल एक पाकिस्तानी छात्र ने चीन के यात्रा प्रतिबंध को लेकर एक सवाल पूछा था। इसी का कुरैशी ने जवाब दिया, इसी जवाब में उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आलोचना की। उनसे एक



पाकिस्तानी छात्र ने पूछा था कि मलेशिया से लोगों को चीन जाने की इजाजत है, लेकिन पाकिस्तानियों को चीन जाने की अनुमति क्यों नहीं है? इसी सवाल के जवाब पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने दिया था कि, शी जिनपिंग भी कहीं नहीं जाते हैं।

**पाकिस्तानी छात्रों को हो रहा है नुकसान**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि, चीनी राष्ट्रपति भी पिछले 24 महीनों से से कहीं बाहर नहीं गए हैं और लगता है आगे भी नहीं जाएंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि चीन ने पाकिस्तान के नागरिकों को 2020 से ही चीन में प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। इस फैसले से सबसे ज्यादा नुकसान पाकिस्तानी छात्रों को उठाना पड़ रहा है। पाकिस्तान के लगभग 28000 छात्र चीन की यूनिवर्सिटीज में पढ़ते हैं।

**छात्रों को है इस बात का डर**

चीन की यूनिवर्सिटीज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, लेकिन अभी तक सरकार ने छात्रों को चीन जाने का कोई निर्देश नहीं जारी किया है। पाकिस्तान के छात्रों को इस बात का डर है कि अगर वह चीन नहीं जा पाए तो उनकी पढ़ाई खराब हो जाएगी। दूसरी ओर मेडिकल के छात्रों को डर है कि अगर चीन में नौकरी पर प्रैक्टिस नहीं कर पाए तो उनके शिक्षा की पाकिस्तान में कोई अहमियत नहीं रह जाएगी।

# इजरायल के अटॉर्नी जनरल ने एनएसओ स्पाइवेयर मामले की जांच का आदेश दिया

**यरूशलम।** इजरायल के अटॉर्नी जनरल ने कहा है कि वह इजरायली पुलिस द्वारा कथित रूप से बिना अनुमति के फोन निगरानी तकनीक का इस्तेमाल किये जाने के मामले की जांच शुरू कर रहे हैं। उन्होंने यह बात अनुचित तरीके से लोगों को निशाना बनाकर उनके फोन की निगरानी किये जाने संबंधी खबरें सामने आने के बाद कही है। अटॉर्नी जनरल एविके में डेलब्लिट ने बृहस्पतिवार को चार पृष्ठ के पत्र में कहा कि उन्हें अब तक इजरायल के कारोबार संबंधी समाचार पत्र कैलकेलिस्ट में किये गए दावों की पुष्टि करने वाला कोई सबूत नहीं मिला।

खबर में दावा किया गया है कि पुलिस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू के खिलाफ एक



आंदोलन में शामिल नेताओं, मेयरों और अन्य नागरिकों की बिना अनुमति के निगरानी की थी। हालांकि मेंडेलब्लिट ने कहा कि कई प्रश्नों के जवाब नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि वह एक शीर्ष अधिकारी के नेतृत्व में जांच समिति का गठन कर रहे हैं।

इस सप्ताह कैलकेलिस्ट की एक खबर में कहा गया था कि पुलिस ने नेतान्याहू के कुछ राजनीतिक विरोधियों की निगरानी के लिये एनएसओ ग्रुप के पैगासस हैकिंग सॉफ्टवेयर और अन्य तकनीकोंका इस्तेमाल किया था। हालांकि पुलिस ने इस खबर को गलत बताते हुए कहा है कि वह कानून के अनुसार काम करती है।

# विश्व में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 33.7 करोड़ के पार

**वाशिंगटन।** विश्व में कोरोना वायरस (कोविड19) महामारी के मामले 33.7 करोड़ से पार हो गए हैं वहीं कई देशों में इसका नया स्वरूप ओमिक्रॉन तेजी से फैल रहा है। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस रिसोर्स सेंटर के गुरुवार के आंकड़ों के अनुसार कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 33,78,30,804 है और मृतकों के आंकड़े बढ़कर 55,64,875 तक पहुंच गए है। दुनिया भर में अभी तक कुल 9,71,10,81,600 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है।

विश्व भर में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक मामले के साथ अमेरिका शीर्ष पर है। जहां इस महामारी से अभी तक 6.85 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए है और 8,57,768 लोग काल के गाल में समा गए हैं।

भारत इस महामारी के संक्रमण के मामले में दूसरे स्थान पर है जहां कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 82 लाख 18 हजार 773 हो गयी है। सक्रिय मामलों की संख्या 19 लाख 24 हजार 051 हो गयी है और मृतकों के आंकड़े 4,87,693 हो गए हैं। देश में अभी तक तीन करोड़ 58 लाख 07 हजार 029 लोग कोराना मुक्त हो गए हैं।

महामारी के संक्रमण के मामले में ब्राजील तीसरे स्थान पर आ गया है। देश में कोरोना वायरस की जद में अभी तक 2.34 करोड़ से अधिक लोग आ चुके है और इस महामारी ने 6,22,125 लोगों की जान ले ली है।

कोरोना संक्रमण के मामले में ब्रिटेन चौथे स्थान पर है। जहां अभी तक 1.56 करोड़ से अधिक लोग इस महामारी से संक्रमित हो चुके है जबकि मृतकों का आंकड़ा 1,53,378 तक पहुंच गया है। फ्रांस संक्रमण के मामले में पांचवें पायदान पर है। देश में अभी तक अभी तक 1.42 करोड से अधिक लोग इस जानलेवा वायरस से संक्रमित हो चुके है और 1,28,641 लोगों की मौत हो गयी है।

रूस कोरोना संक्रमण के मामले में छठे पायदान में आ चुका है। देश में अभी तक कोरोना संक्रमण से 1.07 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हो चुके है और इस महामारी से अभी तक 3,16,852 जान गंवा चुके हैं। तुर्की में अभी तक 1.06 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हो गये है और इस महामारी से 85,253 लोगों की जान जा चुकी है।

इटली में 92.19 लाख लोगों के संक्रमित होने के साथ आठवें स्थान पर है। देश में मृतकों का आंकड़ा 1,42,205 तक पहुंच गया है। स्पेन संक्रमितों के मामले में नौवें पायदान में पहुंच गया है जहां इस महामारी से अभी तक 86.76 से अधिक लोग संक्रमित हो चुके है और इस महामारी से 91,437 लोगों को जान से हाथ धोने पड़े हैं। अर्जेंटीना में वैश्विक महामारी से अभी तक 74.46 लाख से अधिक लोगों के प्रभावित होने से यह दसवें पायदान पर है। देश में मृतकों को आंकड़ा 1,18,628 तक पहुंच गया है। इसके अलावा विश्व के बाकी देश कोरोना संक्रमण से प्रभावित हैं। महामारी का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

# अमेरिका में लोकतंत्र की रक्षा संबंधी विधेयक मतदान में गिरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में लोकतंत्र को बचाने के लिये महत्वपूर्ण बताया जा रहा एक अहम विधेयक बुधवार को सीनेट में मतदान के बाद गिर गया जब डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सांसदों ने सदन के नियमों में बदलाव के लिये अपनी पार्टी का साथ देने से इनकार कर दिया।

इस विधेयक के गिरने को राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिये करारी शिकस्त के रूप में देखा जा रहा है, जिनके कार्यकाल को एक साल पूरा हो गया है।

डेमोक्रेटिक पार्टी इस विधेयक को लेकर सीनेट के नियमों में बदलाव करने को लेकर एरिजोना से सांसद क्रिस्टीन सिनेमा और वेस्ट मिशिगन से सांसद जो मैनचिन को नहीं मना सकी और न ही इस विधेयक को आगे बढ़ाने के लिये बहुमत हासिल कर पाई।

बाइडन ने मतदान के बाद एक बयान में कहा, मैं बेहद निराश हूं।

हालांकि, राष्ट्रपति ने कहा कि वह विचलित नहीं हैं और लोकतंत्र की रक्षा के लिये हरसंभव कदम उठाने का संकल्प लेते हैं।

दरअसल, डेमोक्रेट सांसद अमेरिका में चुनावी नियमों में बड़े सुधार के लिए कानून बनाने की तैयारी कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स का मानना है कि वोटिंग नियमों में बदलाव करने की जरूरत है, जिससे अश्वेत और अन्य पिछड़े वर्गों को मतदान करने में किसी भी तरह की मुश्किलों को सामना न करना पड़े।

दूसरी ओर रिपब्लिकन पार्टी मताधिकार विधेयक को पक्षपातपूर्ण बताते हुए इसका विरोध करती रही है। पिछले साल तीन बार रिपब्लिकन पार्टी ने मतदान अधिकार विधेयक का विरोध किया था।

इस विधेयक को पारित करने के लिये सीनेट में 60 मतों की जरूरत थी, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी केवल 51 वोट हासिल कर सकी और बहुमत हासिल करने से पीछे रह गई।

# हैती के राष्ट्रपति की हत्या का आरोपी कारोबारी अमेरिका प्रत्यर्पित

**मियामी (अमेरिका)।** हैती के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या के मामले में डोमिनिकन गणराज्य में पकड़े गए कारोबारी को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हैती के राष्ट्रपति मोइसे की पिछले साल सात जुलाई को हत्या कर दी गई थी।

न्याय विभाग की प्रवक्ता निकोल नवास ने बुधवार को कहा, हम पुष्टि करते हैं कि रोडोल्फ जार अब फ्लोरिडा के सदर्न जिले में अमेरिकी हिरासत में है। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को भेजे एक लिखित बयान में कहा, उसे कल संघीय अदालत में पेश किया जाएगा। जार को करीब एक दशक पहले मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों में दोषी ठहराया गया था और वह एक समय अमेरिकी सरकार के लिए मुखबिर के रूप में भी काम कर चुका है। उसे डोमिनिकन गणराज्य से प्रत्यर्पित किया गया, जहां उसे इस महीने की शुरूआत में हिरासत में लिया गया था। हैती के राष्ट्रपति की हत्या के मामले में अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया जार दूसरा विदेशी है।

# फलस्तीन-इजराइल के बीच शांति प्रक्रिया पर धीमी गति से काम कर रहा अमेरिका: फलस्तीनी मंत्री

**संयुक्त राष्ट्र।** फलस्तीन के विदेश मंत्री रियाद मल्की ने फलस्तीन के खिलाफ तत्कालीन डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की सभी प्रतिकूल नीतियों को पलटने के मामले में धीमी गति से काम करने के लिये अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की बृहस्पतिवार को आलोचना की। मल्की ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा कि इस बात की उम्मीद थी कि ट्रंप प्रशासन और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के शासन का अंत नये सिरे से शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिये पर्याप्त होगा। उन्होंने कहा बाइडन प्रशासन ट्रंप की गैर-कानूनी और गलत नीतियों के पलटने के मामले में और विशेषकर अमेरिकी दूतावास को यरूशलम में स्थापित करने के संबंध में बेहद धीमी गति से कदम उठा रहा है। मल्की ने बाद में पत्रकारों से कहा, एक साल पहले जब जो बाइडन राष्ट्रपति बने तो फलस्तीनियों को लगा कि अमेरिका फलस्तीन की ओर रुख करेगा, लेकिन हमने देखा कि इजराइल कुछ हद तक अमेरिका का रुख अपनी ओर मोड़ने में कामयाब रहा और इससे हम सबको बहुत दुख हुआ। राजशाही से रिश्ता तोड़कर गणतांत्रिक देश घोषित करने के बाद बारबाडोस में मध्यावधि चुनाव

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), 20 जनवरी (वेब वार्ता)। कैरेबियाई क्षेत्र के देश बारबाडोस के पिछले साल के अंत में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से संबंध खत्म करने के बाद बुधवार को मध्यावधि आम चुनाव हुए। प्रधानमंत्री तथा बारबाडोस लेबर पार्टी की नेता मिया मॉटली लगातार दूसरी बार इस पद के लिये अपनी किस्मत आजमा रही हैं। वह साल 2018 में चुनाव जीतकर देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं।

मॉटली का मुकाबला डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी की नेता वर्ला डि पेजा और अलायंस पार्टी फॉर प्रोग्रेस के नेता जोसेफ आर्थरली से है। मॉटली और डि पेजा की पार्टियों ने हाउस ऑफ असेंबली की सभी 30 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि आर्थरली की पार्टी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

हाउस ऑफ असेंबली बारबाडोस की संसद का निचला सदन है। इसमें बहुमत हासिल करने के लिये 16 सीटों की जरूरत होती है। वहीं 21 सदस्यीय सीनेट के लिये चुनाव नहीं हुए हैं क्योंकि हाल में नियुक्त राष्ट्रपति ने इन सदस्यों की नियुक्ति की है।

बारबाडोस ने पिछले साल के अंत में ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को राष्ट्राध्यक्ष पद से हटाने और राजशाही से रिश्ता तोड़ने के बाद खुद को गणतांत्रिक देश घोषित किया था और सांद्रा मैसन को देश की पहली राष्ट्रपति नियुक्त किया गया था। बारबाडोस 1966 में ब्रिटेन से आजाद हुआ था।

# चीन ने गहरी आर्थिक मंदी को दूर करने के प्रयास तेज किए, एक महीने में दूसरी बार कर्ज दर में कटौती की

चीन विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन आर्थिक मंदी की चिंताओं के बीच उसने अपनी बेंचमार्क उधार दरों में फिर से कटौती की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने एक साल के लोन प्राइम रेट को 10 बेसिस पॉइंट्स 3.8 फीसदी से घटाकर 3.7 फीसदी कर दिया है। दिसंबर में पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अप्रैल 2020 के बाद पहली बार एक साल के लोन प्राइम रेट में कटौती की थी। पांच साल की ऋण प्रधान दर को 5 आधार अंक घटाकर 4.6% कर दिया।

देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के बाद अप्रैल 2020 के बाद यह पहली कटौती थी। लोन प्राइम रेट (एलपीआर) देश में कॉर्पोरेट और घरेलू ऋणों के लिए उधार दरों को प्रभावित करते हैं। चीन में अधिकांश नए और बकाया ऋण एक साल के एलपीआर पर



आधारित हैं, लेकिन रॉयटर्स के मुताबिक पांच साल की दर घरेलू बंधक के मूल्य निर्धारण को प्रभावित करती है। रॉयटर्स के एक स्नैप पोल ने दिखाया था कि अधिकांश प्रतिभागियों को उम्मीद थी कि चीन गुरुवार को दोनों उधार दरों में कमी करेगा। कैपिटल इकोनॉमिक्स के अनुसार, दरों में कटौती ने उधार लेने की लागत को कम करने के लिए ढइडउ के प्रयासों को जारी रखा है। दरों में कटौती करने का चीन के केंद्रीय बैंक का निर्णय चीन द्वारा मौद्रिक नीति को ढीला करने के लिए उठाए गए कदमों की एक श्रृंखला में नवीनतम है, क्योंकि अधिकारी रियल एस्टेट बाजार में गहरी मंदी और धीमे आर्थिक विकास से जूझ रहे हैं। साल 2021 के लिए 6 फीसदी की वृद्धि दर का लक्ष्य रखा था, हालांकि इस दौरान चीन ने 8.1 फीसदी की दर बढ़ोतरी हासिल की है।

# लाइबेरिया में मची भगदड़ में 29 लोगों की मौत, चर्च में प्रार्थना करने जुटी थी भीड़

लाइबेरिया की राजधानी मोनरोविया में एक चर्च सभा में भगदड़ मचने से रात भर 29 लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गये। इस घटना की सूचना उप सूचना मंत्री ने गुरुवार को राज्य रेडियो के माध्यम से दी। उप सूचना मंत्री जलावा टोनपो ने कहा कि



यह घटना राजधानी के बाहरी इलाके न्यू क्रू टाउन में पूरी रात ईसाई पूजा कार्यक्रम के दौरान हुई। यहां पर लोग पूजा करने के लिए इकठ्ठा हुए थे। डॉक्टरों ने कहा कि 29 लोगों की मौत हो गई और कुछ गंभीर हालत में हैं। इसके अलावा टोनपो ने पास के एक अस्पताल से राज्य रेडियो में कॉल करते हुए कहा, यह देश के लिए एक दुखद दिन है।" इस कार्यक्रम में शामिल हुए एक निवासी एक्सोडस मोरियास ने रॉयटर्स को बताया कि भगदड़ तब शुरू हुई जब हथियारबंद लोगों के एक समूह ने भीड़ को लूटने की कोशिश में दौड़ा लिया। मोरियास ने कहा, हमने लोगों के एक समूह को कटलेस और अन्य हथियारों के साथ भीड़ की ओर आते देखा। दौड़ते समय कुछ लोग गिरे और कुछ जमीन पर गिर पड़े और उनके ऊपर अन्य लोग चल पड़े। जोगोस के नाम से जाने जाने वाले लाइबेरियन स्ट्रीट गैंग के बैंड आमतौर पर माचे और अन्य छोटे हथियारों के साथ डकैती करते हैं।

**अखंड भारत संदेश**

**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक 211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**

**Title UPHIN 29506**

# पेंटागन ने असफल काबुल हवाई हमले का पहला वीडियो जारी किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए एक ड्रोन हमले के वीडियो फुटेज को गोपनीय सूची से हटाते हुए इसे सार्वजनिक रूप से जारी किया है। अमेरिकी सैनिकों की देश से वापसी के आखिरी समय में हुए इस अमेरिकी ड्रोन हमले में 10 आम नागरिक मारे गए थे। द्यन्यूयॉर्क टाइम्सद्ध ने यूएस सेंट्रल कमान के खिलाफ सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम वाद के जरिए ये फुटेज प्राप्त करने के बाद इसे अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया। 29 अगस्त के ड्रोन हमले के ये वीडियो फुटेज पहली बार सार्वजनिक रूप से जारी किए गए हैं, जिसका शुरू में पेंटागन ने बचाव किया था लेकिन बाद में इसे एक भारी भूल बताया था।

वीडियो में लगभग 25 मिनट की फुटेज हैं, जिसमें शामिल दो ड्रोन को द्यन्यूयॉर्क टाइम्सद्ध ने एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बताया है। फुटेज में हमले से पहले, हमले के दौरान और बाद में एक गली में एक कार पर हुए हमले के दृश्य नजर आ रहे हैं। सेना ने कहा था कि उसे लगा कि उसने अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट समूह के सहयोगी संगठन के एक आतंकवादी को मार गिराया, जो काबुल हवाई अड्डे के पास उस जगह पर बम विस्फोट कर सकता था जहां से लोगों का निकलना जारी था। इसके तीन दिन पहले हवाई अड्डे पर एक आत्मघाती बम विस्फोट में 13 अमेरिकी सैनिकों और 160 से अधिक अफगान नागरिकों की मौत हो गई थी।